सुप्रभात
सोमवार 12.08.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 115
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## हेमंत सोरेन का जन्मदिवस मना



**कतरास।** झारखण्ड के यशस्वी युवा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के 49 वाँ जन्मदिवस के मौके पर झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष लोलीन बास्की के नेतृत्व में केक काटकर मनाया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से टुंडी विधानसभा नेता रतिलाल टुडू, सोनोत संताल समाज के अध्यक्ष सनातन सोरेन जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि गुरूचरण बास्की, नित्यानंद पाण्डे, मैनेजर हेम्ब्रम, सिद्दीक अंसारी, पानू अंसारी, महेश्वर सोरेन, जैनूल अंसारी इत्यादि उपस्थित थे।

## यूथ फोर्स के कार्यकर्ता के निधन पर शोक

**कतरास।** यूथ फोर्स के कार्यकर्त्ता फुलवार निवासी गुड्डू सिंह के असमायिक निधन पर यूथ फोर्स परिवार ने गहरा शोक व्यक्त किया है. मृतक काफी मिलनसार था एवं यूथ फोर्स तथा सामाजिक कार्यो में बढ़ - चढ़कर हिस्सा लेता था. यूथ फोर्स प्रधान संयोजक दीपनारायण सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि गुड्डू सिंह का निधन से यूथ फोर्स परिवार में शोक का माहौल है। उनके निधन से यूथ फोर्स को काफी क्षति पहुंची है।

## बाघमारा थाना में लगा रक्तदान शिविर




**कतरास।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व लायंस क्लब बाघमारा सेंटेंनियल, पुलिस जन सहयोग समिति बाघमारा, युवा रक्तवीर सेवा नमस्ते भारत एवं भामाशाह ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को बाघमारा थाना परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने किया. शिविर में 34 रक्तवीरों ने रक्तदान किया. सभी रक्तवीरों को प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, प्रमुख गीता देवी, लायंस क्लब बाघमारा सेंटेंनियल के अध्यक्ष लक्ष्मण रवानी, संतोष कुमार, सुनील कुमार सिंह, चन्दन मिश्रा, बैजनाथ यादव, गौतम गोप, सोनू कुमार, प्रेम कुमार, तबरेज अंसारी, अनिता देवी, कन्हैया, दीपक प्रसाद, अरुण खेदु महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## बरटांड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन



**धनबाद।** मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड ने रविवार को बरटांड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया । जिसमें कुल 36 यूनिट रक्तसंग्रह कर एसएनएमसीएच के ब्लड बैंक को दिया गया। शिविर में युवाओं व महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल, सचिव अरविंद सतनालिका, महेंद्र अग्रवाल, दीपक रुइया, उत्तम बुकानिया, दीपक गुप्ता, रोहित गुप्ता शामिल हैं।

# जल जमाव से परेशान मल्लिक बस्ती के लोगों ने लगाइ गुहार

**विधायक ने कहा : 24 घंटे में समाधान हो, नहीं तो होगा जल सत्याग्रह**

- आईआईटी आईएसएम व नगर आयुक्त को अल्टीमेटम

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल में अच्छी बारिश से जहां किसानों में खुशी का आलम है। वहीं शहर के कई ठिकानों में बारिश लोगों के लिए आफत बन गई है। सबसे बुरा हाल धैया, रानीबांध, अंधा मोड़ से मल्लिक बस्ती वाले रास्ते का है। इस रास्ते का लोग बाईपास के रूप में भी उपयोग करते है। जल जमाव से परेशान बस्ती के लोगों ने रविवार को विधायक राज सिन्हा के आवासीय कार्यालय पहुंचे। विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। लोगों ने बताया कि पानी की निकासी की व्यवस्था किये बगैर नगर निगम व पथ निर्माण विभाग ने मिलकर पिछले साल रांनीबांध तालाब के पास मुख्य सड़क ऊंची कर दी। तब से स्थिति विकराल हो गई है। आईएसएम और बारिश के पानी इलाके में जमा रहता है। बारिश होंने पर पानी घरों में घुस रहा है। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। लोगों को हाट बाजार में जाने में परेशानी हो रही है। घुटने भर पानी से गुजर कर लोगों को वहां से गुजरना पड़ रहा है। लोगों की समस्या सुनने के बाद विधायक ने चिंता व्यक्त की। तत्काल समाधान के लिए उन्होंने नगर आयुक्त व आईआईटी आइएसएम डिप्टी निदेशक से फोन पर बात की विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा कि 24 घंटे के अंदर जल निकासी की व्यवस्था नहीं हुई तो बस्ती के लोगों के साथ जल सत्याग्रह पर बैठ जायेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में अधिकारी बेलगाम हो गये है। ये लोग किसी बात को गंभीरता से नहीं लेते है। उन्होंने कहा कि वर्तमान से लेकर तत्कालीन नगर आयुक्त से धैया बाईपास रोड़ की समस्या को लेकर मिल चुके हैं। लेकिन ये लोग हर बार कहते है हो जायेगा, कर देंगे, लेकिन काम होता नही है। इसलिए हमने इस बार सत्याग्रह का फैसला लिया है।

### सड़क नाली से नीचे होने से परेशानी

रानीबांध धैया तालाब के समीप नाली से सड़क नीचे होंने कारण नाली का पानी सड़क पर जमा हो जाता था। बारिश के दिनों में सड़क तालाब का रूप लेती थी। इसे देखते हुए नगर निगम और पथ निर्माण सड़क की चार लेयर में ढ़लाई कर उसे उंचा कर दिया। उस समय कहा गया है कि अंडर ग्राउण्ड ड्रेनेज बनाकर नाली के पानी की निकासी की जायेगी। इसकी ड्राइंग बनाने की जिम्मेवारी आईआईटी आईएसएम को दी गई है। लेकिन रोड बनते ही सब शांत हो गये। अब दोंनो विभाग एक दूसरे पर फेंका फेंकी करने का काम कर रहे है। वहीं इसमें आईआईटी आईएसएम का रोल भी अहम है। इस संस्थान के कैंपस का पूरा पानी इसी रास्ते में आता है। लेकिन जल निकासी को लेकर इस संस्थान के लोग भी गम्भीर नहीं है।

## बेहतर झारखंड संस्था की तिरंगा यात्रा



**धनबाद।** बेहतर झारखंड संस्था के संस्थापक मयूर शेखर झा के नेतृत्व में परसिया,पुटकी से भूईफोड़ मंदिर तक तिरंगा यात्रा निकली।। श्री झा ने कहा कि धनबाद में पलायन रोकना और रोजगार सृजन ही संस्था का प्रमुख लक्ष्य है। वहीं जिले की कानून व्यवस्था पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि यहां व्यपारियों में भय का माहौल है लोग डर के माहौल है। आज यहां का युवा नौजवान आगे आकर अपने लिए लड़ाई लड़ेगा तभी जाकर सारे समस्याओं समाधान रहेगा। यात्रा में पूर्व यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुमार संभव सिंह,प्रखंड अध्यक्ष पप्पू पासवान,नवीन सिंह, पिंटू तुरी, सूरज कुमार झा, याजुद्दीन अंसारी, मकसूद अंसारी, संजय चौहान, प्रकाश कुमार,गोविंद सिंह,धनंजय सिंह, अजय कुमार,सनी कुमार, सुजीत कुमार महतो आदि शामिल थे।

## निपुण छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का हुआ वितरण




**धनबाद सांसद ने किया स्कूल भवन का उद्घाटन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** स्वामी विवेकानंद +2 हाई स्कुल महुदा में रविवार को आयोजित प्रमाण पत्र वितरण समारोह में सत्र-19-21, 20-22 एवं 21-23 के निपुण तमाम छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनबाद सांसद प्रतिनिधि शत्रुधन महतो उपस्थित होकर +2 हाई स्कूल में बने नये भवन का उद्घघाटन फीता काटकर किया. मौके पर प्राचार्य एस कुमार ने मुख्य अतिथि शत्रुधन महतो को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। मौके पर मुख्य अतिथि श्री महतो ने बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को और प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है जो कम संसाधनों में भी बेहतर परिणाम लाकर अपनी प्रतिभा को दशार्ते हैं. उन्होंने कहा की बच्चे देश का भविष्य होते हैं और उनके साथ खड़े होकर उनका मनोबल बढ़ाते रहना चाहिए. मौके पर मुख्य रूप से प्राचार्य एस कुमार, सचिव एस हुसैन, उप प्राचार्य प्रेम कुमार, शिक्षक भगीरथ सिंह, कमला कुमारी, ममता कुमारी, करुणा कुमारी, राहुल राय, एसएन पाण्डेय, गौतम कुमार, कार्तिक कुमार, राहुल ठाकुर, जनार्दन पाठक इत्यादि उपस्थित थे।

## राकांपा निरसा से उतरेगा प्रत्याशी : उमेश

**मैथन।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की जिला टीम ने रविवार को निरसा में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने के लेकर तीनों प्रखंड के अध्यक्षों के साथ उमेश गोस्वामी ने विचार विमर्श किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि निरसा में पार्टी का जनाधार काफी मजबूत है, इसलिए हर हाल में निरसा विधानसभा में अपना प्रत्याशी उतारा जाएगा। पार्टी हमेशा निरसा विधानसभा की ज्वलंत समस्या को लेकर आंदोलन करते आए हैं और हमलोगों का पूंजी आंदोलन ही है। हम लोग सब एक होकर निरसा में अपना परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा निरसा विधानसभा में बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरण सीमा पार कर चुका है। किसानों को समय पर सरकार के द्वारा खाद बीज की व्यवस्था नहीं की जा रहा है। निरसा में 80% लोग कृषि पर निर्भर व 20% लोग नौकरी और व्यवसाय से जुड़े हुए हैं।

निरसा की जनता बूंद बूंद पानी के लिए तरसती है और यहां की पानी से बंगाल में खेती एवं पेयजल की व्यवस्था होती है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष पतित पवन तिवारी, विमल गोराई, उज्जवल तिवारी, शेख सौरव, रूपेश डा, काजल बाउरी, विक्की बाउरी, प्रदीप राय, मोहम्मद हबीब सहित कई कार्यकर्ता तथा तीनों प्रखंड के अध्यक्ष उपस्थित थे।

## 100 करोड़ से होगा तोपचांची झील का सौंदर्यीकरण

- एक सौ वर्ष की आयु पूरी कर रही है झील

खबर मन्त्र संवाददाता



**तोपचांची।** अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण से प्रसिद्ध तोपचांची झील की तस्वीर बदलने वाली है। झील आगामी 15 नवंबर 2024 को 100 वर्ष की हो जाएगी। 100 वर्ष के पूर्ण होने के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। झील के सौंदर्यीकरण लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है। झील में पार्क, रिजॉर्ट, सड़के, स्ट्रीट लाइट, गेट, दुकानें आदि बनाया जाएगा। यह परियोजना लगभग 100 करोड़ से अधिक का होगा ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। इस संबंध में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बताया कि तोपचांची झील झारखंड राज्य की धरोहर है। झील का विकास नहीं होने के कारण पर्यटकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि झील के सौंदर्यीकरण से पर्यटन में वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। नगर आयुक्त सह माडा एमडी रविराज शर्मा ने कहा कि तोपचांची झील देश के 75 वाटर सप्लाई हेरीटेज में शामिल हैं। झील के कायाकल्प के लिए एजेंसी के द्वारा डीपीआर तैयार किया जा रहा है। माडा के पास फंड नहीं होने के कारण झील का विकास नहीं हो पा रहा था लेकिन अभी माडा के पास फंड है। इस परियोजना से तोपचांची झील एक नया पर्यटन स्थल बन जाएगा, जो पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

## एक नजर में

### भाजपा कार्यकर्ताओं की तिरंगा यात्रा



कुमारधुबी। देश के जन जन के मन में राष्ट्रभक्ति समाने और हर घर तिरंगा के उद्देश्य से रविवार सुबह भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में निरसा से तिरंगा यात्रा निकली जो चिरकुंडा के शहीद चौक होते हुए ,अंबेडकर चौक पर समाप्त हुई । मौके पर मुख्य रूप से निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता और भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष साव उपस्थित हुए। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे सातों मंडल के कार्यकताओं ने हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जयकारे के साथ पूरे क्षेत्र को राष्ट्रमय कर दिया ।इधर मीडिया से बातचीत में निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा की आज सातों मंडल का भ्रमण कर हमलोग चिरकुंडा पहुंच तिरंगा यात्रा का समापन किया जहां लोगो के अंदर राष्ट्रभक्ति को जिंदा रखने का अपील किया। वही नवनियुक्त भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष साव ने कहा कि जन जन की मन में राष्ट्रभक्ति लाने के उद्देश्य के तहत ये तिरंगा यात्रा निकाली गई।

### मारवाड़ी युवा मंच एवं राउंड टेबल की ओर से चिरकुंडा में निकली बाल कांवड़ यात्रा



**कुमारधुबी।** मारवाड़ी युवा मंच एवं राउंड टेबल के ओर से आज बाल कावड़ यात्रा निकली। चिरकुंडा नदी से सैकड़ो की संख्या में 8 से 14 साल तक के बालक बोल बम , हर हर महादेव , ओम नमः शिवाय आदि का जयकारा लगाते हुए सड़कों पर उतरे। पूरी जनता आनंद का अनुभव कर रही थी सनातन संस्कृति को बचाने के लिए बच्चों में यह नई चेतना देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम में चिरकुंडा आसनसोल नियामतपुर धनबाद आदि जगहों से बच्चे आए थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी युवा मंच एवं राउंड टेबल के कार्यकर्ता की भूमिका अच्छी रही । विपुल शर्मा,प्रणव गढ़यान, तुषार अग्रवाल,आदित्य गढ़यान, अभिषेक जिंदल,मुकुल खरकिया, पंकज अग्रवाल, मिट्ठू गढ़यान, राउंड टेबल के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, पुनीत लाल, अभिषेक गढ़यान, प्रिया गढ़यान, सेजल गढ़यान, उमंग अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल, अनुराग गढ़यान, टोनी अगरवाल के अलावा अभिभावक स्वरूप विनोद अग्रवाल, नीलय गढ़यान,सरवन अग्रवाल, कृष्ण लाल रुंगटा, दिनेश अग्रवाल आदि सक्रिय रहे।

### धार्मिक स्थल से आदिवासी सरना झंडा और लोहे का बोर्ड उखाड़ देने की थाना में शिकायत

**सिंदरी।** सिद्धू कान्हू सेवादल राँगामाटी अध्यक्ष नुनूलाल टुडू ने डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी प्राचार्य आशुतोष कुमार, शिक्षक प्रजेश चौबे और मुकेश तिवारी पर आदिवासी धार्मिक स्थल से सरना धर्म का झंडा और लोहे का बोर्ड उखाड़ फेंकने का आरोप लगाते हुए बलियापुर थाना में शिकायत की है। अध्यक्ष नुनूलाल ने आवेदन में बताया है कि प्राचार्य आशुतोष कुमार और शिक्षकों के इस कार्य से आदिवासी समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। स्कूल प्रबंधन देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों का अपमान कर रही है। बलियापुर थाना में शिकायत के बाद सिद्धू कान्हू बोर्ड स्थल पर आदिवासी समुदाय के लोगों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन और नारेबाजी की। प्राचार्य आशुतोष कुमार ने उक्त आरोप बेबुनियाद बताते हुए कहा कि विश्व आदिवासी दिवस की सुबह आदिवासी समुदाय के लोग डीएवी खेल ग्राउंड में लोहे का पोल और सरना झंडा लगाना चाहते थे। उन्होंने बताया कि शिक्षकों ने इसकी सूचना मुझसे की। मैंने अविलंब बलियापुर पुलिस से इसकी शिकायत की और बलियापुर थाना में लिखित शिकायत की है। बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मामले की छानबीन की जा रही है।

**धनबाद प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने ली शपथ, पत्रकारिता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का संकल्प**

# समस्याओं के निराकरण के लिये एकजुट हों पत्रकार

**शपथ ग्रहण**

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** झारखंड के पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण के लिये सभी स्तर के पत्रकारों को एकजुट होना होगा। यह समय की मांग है और इसके लिये शीघ्र ही रांची में राज्य के पत्रकारों का समागम होगा। यह कहना था धनबाद प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में आये पत्रकारों का। शपथ ग्रहण समारोह रविवार को आइआइटी आइएसएस के गोल्डन जुबली हॉल में हुआ। इस अवसर पर धनबाद के प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन राकेश रोशन, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 शंकर कामति ने नई कार्यकारिणी को पत्रकारिता के उच्चतम मानकों और पत्रकारिता की अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान धनबाद के वरिष्ठ पत्रकार बनखंडी मिश्रा, सत्यभूषण सिंह, रंजन झा, अरुण तिवारी, जयदेव गुप्ता, सुबोध बिहारी कर्ण, अशोक वर्मा, सुभाष मिश्रा, संजय मिश्रा, अजय सिन्हा, विनय शंकर झा, पंकज सिन्हा, अशोक झा, उमेश तिवारी, ब्रह्मा चौधरी तथा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए चुनाव पदाधिकारी विजय पाठक एवं अभय कुमार भट्ट को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

### समारोह में ये लोग थे मौजूद

समारोह में रांची प्रेस क्लब के महासचिव अमर कांत, धनबाद प्रेस क्लब के वरीय उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, महासचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष प्रतीक पोपट, अमर प्रसाद, बलवंत कुमार, सुरेंद्र यादव, शरद चंद्र पांडे, सचिव मोहन कुमार गोप, संजय चौरसिया, नवीन राय, राममूर्ति पाठक, चंदन पाल, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा के अलावा कार्यकारिणी के सदस्य विक्की प्रसाद, शांभवी सिंह, रोशन कुमार सिन्हा, विपिन कुमार रजक, गोपाल प्रसाद, शिल्पा सिंह व कन्हैया कुमार पांडे के अलावा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार मौजूद थे।

### रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

समारोह में उपस्थित रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने नई कमेटी को शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि झारखंड के सभी जिलों के पत्रकारों को एकजुट होना होगा। इसके लिए एक बड़ा प्लेटफार्म तैयार किया जाएगा। कहा कि कोई पत्रकार छोटा या बड़ा नहीं होता। सभी पत्रकारों को समान दृष्टि से देखना चाहिए और उन्हें सम्मान देना चाहिए। उन्होंने नए पत्रकारों को अनुभवी पत्रकारों से कुछ सीखने की सलाह दी।

### इन्हें किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में शुभम संदेश के संपादक दीपक अम्बष्ट, खबर मंत्र के ज्ञानवर्द्धन मिश्र, प्रभात खबर के जीवेश रंजन सिंह, दैनिक जागरण के डॉक्टर चंदन शर्मा, दैनिक भास्कर के अशोक कुमार, आवाज के अमित सिन्हा, बिहार ऑब्जर्वर के गणेश मिश्रा, 99 न्यूज के राकेश पाठक, टीवी 45 के राकेश सिन्हा तथा हिंदुस्तान के प्रभाकर जी को भी बुके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव झा ने पत्रकार कल्याण कोष के गठन की जैसे ही घोषणा की, वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानवर्द्धन मिश्र ने अपनी एक माह की पेंशन राशि, गणेश मिश्रा ने एक महीने की सैलरी, राकेश पाठक ने 99 फाउंडेशन की ओर से 51000 रुपए, बिनय शंकर झा ने सिटी लाइव की ओर से 21000 रुपए तथा मिरर मीडिया की ओर से धीरेंद्र राय ने 25000 रुपए देने की घोषणा की।

स्पीड न्यूज

## बोकारो स्टील प्लांट में रूबरू कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के माइंस और कोलियरीज डिवीजन के पच्चीस प्रबंध प्रशिक्षुओं के लिए निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में रू-ब-रू नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीजीएम एल एंड डी मनीष जलोटा सीजीएम तकनीकी लक्ष्मी दास जीएम नीता बा डीजीएम राजेश कुमार उपस्थित थे। संवाद कार्यक्रम के आरम्भ में निदेशक प्रभारी के नेतृत्व में सुरक्षा शपथ ली गई। प्रबंध प्रशिक्षुओं ने अपना संक्षिप्त परिचय देने के उपरांत सेल के भावी विस्तार और आधुनिकीकरण योजना के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी द्वारा सभी प्रबंध प्रशिक्षुओं को डॉ स्पेंसर जॉनसन की पुस्तक- हू मूव्ड माई चीज प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन जीएम सुश्री नीता बा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।

## बरोरा में कोयला लदा तीन हाइवा जब्त

**कतरास।** बरोरा थाना की पुलिस ने शनिवार की रात जांच के दौरान ट्रांसपोर्टिंग के तहत चलने वाले तीन कोयला लदे हाइवा को जब्त किया। मामले को लेकर पुलिस ने जांच हेतु खनन विभाग को उक्त हाइवा का मामला सुपुर्द कर दिया है। मामले को लेकर अभी तक कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी है।

## 16 अगस्त से शुरू होगा फुटबॉल लीग मैच

**धनबाद।** जिला फुटबॉल संघ की रविवार को मेमको मोड़ स्थित एक होटल में बैठक हुई। जिसमें अंडर 17 लीग,अंडर 14 लीग, महिला लीग पर चर्चा की गई। इसके बाद सीनियर जिला फुटबॉल लीग की सूची जारी की गई। संघ के महासचिव मृदुल बोस ने बताया कि क्लबों को दो ग्रुपों में बांटा गया है। दोनों ग्रुपों से सर्वाधिक अंक प्राप्त दो-दो टीम को लेकर सुपर लीग मैच कराया जाएगा। उद्घाटन मैच 16 अगस्त को शाम 3:00 बजे सिजुआ स्टेडियम में रविंद्र संघ गोमो बनाम नेहरू क्लब के बीच मैच खेला जाएगा। लीग के सट्टी मैच सिजुआ स्टेडियम, द्विातिया स्टेडियम, मैथन स्टेडियम, टाटा स्टेडियम, जगजीवन नगर मैदान एवं कोयला नगर मैदान में खेला जाएगा। बैठक में संघ के चेयरमैन श्याम पांडे, अध्यक्ष शब्बीर आलम, महासचिव मृदुल बोस, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन, उपाध्यक्ष डॉ विकास रमन, संयुक्त सचिव उदय मिश्रा, सहायक सचिव सुनील मिश्रा, सदस्य संतोष रजक, शमशेर आलम के अलावा अलग अलग फुटबॉल क्लब के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# लोजपा झारखंड में विस की 10 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**▸▸ झारखंड प्रदेश लोक जनशक्ति पार्टी की बैठक आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जोड़ापोखर।** लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश की बैठक जलगोड़ा अतिथि गृह के सभागार में हुई। प्रदेश प्रभारी अरविंद सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री सिंह ने कहा है कि पार्टी एनडीए गठबंधन में शामिल है। प्रदेश की दस विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी, पार्टी की तैयारी 81 विधानसभा में चुनाव लड़ने की है। चुनाव से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान धनबाद में सभा कर निर्णय लेने वाले है। मुख्य अतिथि किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा ने कहा है की प्रदेश के सभी जिला अध्यक्ष की जवाबदेही है कि हर बूथ लेबल तक कार्यकर्ता की फौज खड़ी की जाये। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की तमाम कम्पनियों ने किसानों की जमीन हड़प कर कोयला की निकासी कर छोड़ दिया है। उक्त कम्पनियों को चाहिए कि खेती युक्त जमीन को पुनः सामान्य स्थिति में किसानों को सौंप दिया जाये। इस अवसर पर पद्मभूषण से सम्मानित पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान की तस्वीर पर माला पहनाकर श्रद्धांजलि दिया गया है।महासचिव श्यामा कांत मिश्रा ने कहा है की पार्टी की स्थापना दिवस मनाया जायेगा पटना में 28 नवम्बर को जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना है। शिवनारायण पासवान, सत्यम प्रिदरसी, रुपा कुमारी, देव कुमार पासवान, प्रकाश पासवान, मंजु देवी, पुष्पा देवी, रोहित साव, राजेन्द्र विश्वकर्मा, साधु पासवान, सुनील पासवान आदि ने बैठक को संबोधित किया।

# बच्चा सिंह का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति : पूर्णिमा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** झरिया के पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री बच्चा सिंह के देहावसान पर सूर्यदेव नगर स्थित उनके आवास पर श्रद्धांजलि-सभा हुई जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा श्री सिंह का निधन मेरे लिए एक व्यक्तिगत क्षति है। वे झरिया ही नहीं पूरे झारखंड के मजदूर, किसान, आदिवासी व गरीब भाई- बहनों की सेवा में स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। उन्होंने ही राजनीति में मेरा मार्गदर्शन किया। उनका प्यार और स्नेह ने मेरे लिए प्रेरणा पुंज का काम किया। उनकी कार्य-शैली ने मुझे जनता की आवाज बुलंद करने को प्रेरित किया। मैं उनकी परंपरा को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। उनकी अनुपस्थिति को किसी और माध्यम से नहीं बल्कि जनसेवा और जन-अधिकार की बात करके ही की जा सकती है। मौके पर पूर्व उपमहापौर एकलव्य सिंह और अभीषेक सिंह के साथ समस्त सिंह परिवार मौजूद थे।

# मंईयां योजना को लेकर जनता को भ्रमित करने का काम कर रहा विपक्ष : लखी सोरेन

**▸▸ सर्किट हाउस में झामुमो के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने की प्रेस वार्ता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** राज्य में विपक्ष के पास अब कोई काम नहीं रह गया है। सदन से लेकर सदन के बाहर सिर्फ अनर्गल बयानबाजी की जा रही है। इससे जनता इनके झांसे में नहीं आने वाली है। राज्य सरकार सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बेहतर काम कर रही है। अब जनता भी इस बात को समझने लगी है। उक्त बातें रविवार को सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान झामुमो के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कही।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य के आम महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की राज्य सरकार की सार्थक पहल है। विपक्ष इस योजना को लेकर लोगों को दिग्भ्रमित करने का काम कर रहा है। जबकि अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना से जोड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा यदि लाभुकों को इस योजना को लेकर किसी प्रकार कि समस्या आ रही है तो वे स्थानीय झामुमो कार्यकताओं से संपर्क करे, उनका पूरा सहयोग किया जायेगा। मौके पर केंद्रीय सदस्य निलम मिश्रा, जिला सचिव मन्नु आलम,महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान, जिला बीस सूत्री सदस्य राजू प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

## भाजयुमो ने निरसा में तिरंगा यात्रा निकाली

**कुमारधुबी।** देश के जन जन के मन में राष्ट्रभक्ति समाने और हर घर तिरंगा के उद्देश्य से रविवार सुबह भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में निरसा से तिरंगा यात्रा निकली जो चिरकुंडा के शहीद चौक होते हुए अंबेडकर चौक पर समाप्त हुई ।मौके पर मुख्य रूप से निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता और भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष साव उपस्थित हुए। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे सातों मंडल के कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जयकारे के साथ पूरे क्षेत्र को राष्ट्रमय कर दिया। इधर मीडिया से बातचीत में निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि आज सातों मंडल का भ्रमण कर हमलोगों ने चिरकुंडा पहुंच यात्रा का समापन किया, जहां लोगों के अंदर राष्ट्रभक्ति को जिंदा रखने का अपील की। वहीं नवनियुक्त भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष साव ने कहा कि जन जन के मन में राष्ट्रभक्ति लाने के उद्देश्य के तहत ये तिरंगा यात्रा निकाली गई।

### एक नजर में

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी निरसा विधानसभा सीट पर उतारेगी प्रत्याशी : उमेश गोस्वामी

**मैथन।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की जिला टीम ने रविवार को निरसा में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने के लेकर तीनों प्रखंड के अध्यक्षों के साथ उमेश गोस्वामी ने विचार विमर्श किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि निरसा में पार्टी का जनाधार काफी मजबूत है, इसलिए हर हाल में निरसा विधानसभा में अपना प्रत्याशी उतारा जाएगा। पार्टी हमेशा निरसा विधानसभा की ज्वलंत समस्या को लेकर आंदोलन करते आए हैं और हमलोगों का पूंजी आंदोलन ही है। हम लोग सब एक होकर निरसा में अपना परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा निरसा विधानसभा में बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरण सीमा पार कर चुका है। किसानों को समय पर सरकार के द्वारा खाद बीज की व्यवस्था नहीं की जा रहा है। निरसा में 80 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर व 20 प्रतिशत लोग नौकरी और व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। निरसा की जनता बूंद बूंद पानी के लिए तरसती है और यहां की पानी से बंगाल में खेती एवं पेयजल की व्यवस्था होती है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष पतित पवन तिवारी, विमल गोराई, उज्जवल तिवारी, शेख सौरव, रूपेश डा, काजल बाउरी, विक्की बाउरी, प्रदीप राय, मोहम्मद हबीब सहित कई कार्यकर्ता तथा तीनों प्रखंड के अध्यक्ष उपस्थित थे।

## क्रांतिकारी खुदीराम बोस की 116वें शहादत दिवस पर माकपा सिंदरी कमेटी की संगोष्ठी आयोजित



**सिंदरी।** भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों में सबसे कम उम्र में शहीद होने वाले महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस की 116वें शहादत दिवस पर रविवार को माकपा सिंदरी कमेटी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूर्यकुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके जीवनी पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि महान व्यक्तित्व के धनी खुदीराम बोस ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ते-लड़ते मात्र 18 वर्ष में फांसी के फंदे को चूम लिया था। आज भी साम्राज्यवाद विदेशी कंपनी के रूप में नए चेहरे के साथ हमारे देश में प्रवेश कर रही है। देश का शासक वर्ग विदेशी कंपनी के द्वार को खोलकर आर्थिक गुलामी की ओर ले जा रहे हैं। हमें भी उनकी तरह सचेत रहना होगा। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता सीपीआई(एम) के वरिष्ठ नेता काली सेन गुप्ता, सूर्यकुमार सिंह, पिंटू चटर्जी, जनवादी महिला समिति की सिंदरी नगर अध्यक्ष रानी मिश्रा, सचिन मिठू दास, गौतम प्रसाद, राम लायक राम, शिबू राय, रंजीत कुमार मिश्रा, राज नारायण तिवारी, पी के सिन्हा, रोपण महतो, महादेव माझी, सुरेंद्र पांडे उपस्थित थे।

# आश्वासन से बिफरे ग्रामीणों ने लिया ताला बंदी का निर्णय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास ।** आश्वासन के उपरांत कार्य को अमली जामा नहीं पहनाने के खिलाफ नगरीकला के ग्रामीणों ने तेतुलमारी स्थित बीसीसीएल के तेतुलमारी क्षेत्रीय कार्यालय में तालाबंदी करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का यह कहना है कि बीसीसीएल कंपनी ने 1980 में नगरीकला के ग्रामीणों का जमीन अधिग्रहण करते समय गांव को आदर्श ग्राम बनाने की घोषणा किया था. परन्तु आज तक बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधा, सड़क, विवाह भवन, पठन-पाठन की व्यवस्था सहित अन्य मुलभूत सुविधा से लोग वंचित हैं। मौके पर मुखिया राजेंद्र प्रसाद महतो उर्फ रिंकू, दिनेश रजक, बबलू रवानी, नरेश रवानी, परशुराम रवानी, निवास कुम्हार आदि उपस्थित थे।

# जिप सदस्य सह कांग्रेस नेता ने सुभाष चौक पर क्रासिंग को लेकर दी धरना की धमकी

**▸▸ सोहराब अंसारी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के हाईवे इंजीनियर एलपी सिंह से बात की**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोविंदपुर।** जिप सदस्य एवं कांग्रेस नेता सोहराब अंसारी ने सुभाष चौक खोलने को लेकर रविवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के हाईवे इंजीनियर एलपी सिंह से बात की। उन्होंने कहा कि मोहन पेट्रोल पंप क्रॉसिंग को बंद कर देने के बाद गोविंदपुर बाजार उत्तरी और दक्षिणी दो भागों में बंट गया है। एक भाग के लोगों को दूसरे भाग जाने में भारी परेशानी हो रही है। दक्षिण भाग के दुकानदार भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। लोगों को फकीरडीह मोड़ होकर घूमना पड़ता है और उस क्रॉसिंग पर भी सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि सुभाष चौक क्रॉसिंग को नहीं खोला गया तो गोविंदपुर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। उन्होंने ठाकुरबाड़ी के अवैध कट को भी बंद करने और वैध सुभाष चौक क्रॉसिंग को खोलने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। हाईवे इंजीनियर ने आश्वासन दिया कि गोविंदपुर बाजार में फुटपाथ चौड़ीकरण का कार्य हो रहा है। कार्य के होने के बाद इस माह के अंत तक सुभाष चौक क्रॉसिंग को खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब गोविंदपुर में तीन ही क्रॉसिंग रहेंगे ऊपर बाजार क्रॉसिंग, सुभाष चौक क्रॉसिंग और फकीरडीह क्रॉसिंग। शेष सभी क्रॉसिंग बंद कर दिए जाएंगे।

## विनोद बिहारी महतो विचार मंच का हुआ गठन



**बेरमो।** बोकारो थर्मल के सीपीआई डीवीसी मजदूर यूनियन कार्यालय में गणेश प्रसाद महतो की अध्यक्षता में एक सर्वदलीय बैठक शनिवार को हुई जिसमें विनोद बिहारी महतो विचार मंच का गठन सर्वसहमति से किया गया जिसमें अध्यक्ष गणेश प्रसाद महतो उपाध्यक्ष मुन्ना साव सचिव दशरथ महतो संगठन मंत्री द्वारिका प्रसाद महतो कोषाध्यक्ष नरेश राम महतो मुख्य सलाहकार गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह एवं मुखिया विश्वनाथ महतो इसके अलावे पंद्रह कार्यकारणी सदस्य चयनित किए गए बैठक में मुख्य रूप से जानकी महतो, विश्वनाथ महतो, मुन्ना साव, दशरथ महतो, गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह द्वारिका प्रसाद महतो, नरेश राम महतो, रीतलाल महतो, गोविन्द महतो, प्रफुल्ल ठाकुर, नागेश्वर महतो, जीतू महतो, गुलाब चंद महतो, धनेश्वर महतो, रामाकांत यादव, रामदेव गंझू आदि शामिल थे ।

# अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा धनबाद ने देवघर के खजुरिया में लगाया कांवरिया शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा धनबाद जिला के सौजन्य से देवघर स्थित खजुरिया में सेवा शिविर लगाया गया। कांवरियों को सेवा देने के लिये धनबाद से समाज की ओर से सेवा देने वाले जिलाध्यक्ष विशाल कुमार, रविराज, राहुल गुप्ता, कैलाश गुप्ता, रंजीत गुप्ता राजेश गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता,राजेश कुमार गुप्ता, सुभाष गुप्ता, सुनिल कुमार गुप्ता, शंकर कुमार गुप्ता, मनीष गुप्ता शिविर के संस्थापक, कुन्दन गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष सभी ने शिविर में सेवा दी।

## गोविंदपुर के 39 पंचायतों में लगा शिविर

**गोविंदपुर।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए आवेदन देने की तिथि 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। बीडीओ जहीर आलम ने बताया कि प्रखंड के सभी 39 ग्राम पंचायतो में रविवार को भी शिविर लगाया गया। यह शिविर 15 अगस्त तक लगेगा। प्रखंड की ओर से सभी पंचायत के लिए प्रतिनियुक्ति पर्यवेक्षक ही 15 अगस्त तक कार्य करते रहेंगे। उन्होंने शिविरों में सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों, कंप्यूटर ऑपरेटर, आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत स्वयंसेवक और आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका को हर हाल में पंचायत सचिवालय में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। कहा कि यदि कोई लापरवाही बरतते हैं तो कार्रवाई की जाएगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह के आवेदन लिए जा रहे हैं और आवेदकों को पावती भी दी जा रही है। उन्होंने प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं मुखिया से इस योजना से महिलाओं को लाभान्वित करने की अपील की है। कहा कि कई ग्राम पंचायत में संतोष जनक आवेदन आए हैं जबकि कुछ में कम। उन्होंने अधिक से अधिक आवेदन करने की भी अपील की है।

## द्वितीय जिलास्तरीय योग-आधारित क्रीड़ा प्रतियोगिता में डीपीएस बोकारो बना ओवरआल चैम्पियन



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो की मेजबानी में बोकारो डिस्ट्रिक्ट योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन की ओर से आयोजित दो-दिवसीय द्वितीय जिलास्तरीय योग-आधारित क्रीड़ा प्रतियोगिता रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी स्पधाओं में समेकित प्रदर्शन के आधार पर डीपीएस बोकारो की टीम लगातार दूसरे वर्ष इस प्रतियोगिता में ओवरआल चैम्पियनशिप का खिताब पाने में कामयाब रही। दूसरे स्थान पर जीजीपीएस चास की टीम रही जबकि एआरएस पब्लिक स्कूल की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि यूथ एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2022 की स्वर्ण पदक विजेता अंतरराष्ट्रीय धावक आशा किरण बारला ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। स्पधार्वार भी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रहे विजेता क्रमशः स्वर्ण रजत व कांस्य पदक तथा प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किए गए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने इस प्रकार के आयोजन की सराहना करते हुए भारत की प्राचीन धरोहर योग के प्रति बच्चों के रुझान को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि योगासना स्पोर्ट ऑफ झारखंड के सचिव विपिन कुमार पांडेय ने बच्चों को योग को खेल के साथ-साथ एक करियर के रूप में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि जिलास्तर पर विजेता रहे बच्चों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयन प्रक्रिया के बाद भाग लेने का अवसर मिलेगा। विद्यालय के प्राचार्य एवं बोकारो डिस्ट्रिक्ट योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एएस गंगवार ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिए सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के उप प्राचार्य अंजनी भूषण व हरिहर पांडेय उपप्राचार्या शालिनी शर्मा एसोसिएशन के सचिव ब्रजेश कुमार सिंह कोषाध्यक्ष राजन सिंह संयुक्त सचिव निभा कुमारी सहित एसोसिएशन के अन्य सदस्य तथा विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागी व उनके शिक्षक मौजूद रहे।

# वेदांता ईएसएल ने एफपीओ के लाभ बताने को शुरू किया सघन जागरुकता अभियान



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने चास अनुमंडल के कुंवरपुर गांव स्थित सामुदायिक हॉल में नाबार्ड के सहयोग से वाडी परियोजना के तत्वावधान में एक सघन जागरूकता अभियान शुरू किया जिसमें आदिवासी किसानों को किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के गठन की पहल के रूप में सामूहिक कार्रवाई से प्राप्त होने वाले विभिन्न लाभों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर परियोजना वाडी और स्थानीय गणमान्य जनों के अलावा 50 से अधिक स्वदेशी किसान नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक फिलमोन बिलुंग, नैबकॉन के मो शाहजहां आलम ईएसएल स्टील के सीएसआर के उप प्रमुख राकेश कुमार मिश्रा और ग्रामीण सेवा संघ के कार्यक्रम समन्वयक वेद प्रकाश सिंह उपस्थित रहे। ईएसएल के सीएसआर ईआर और पीआर के प्रमुख आशीष रंजन ने विश्व स्वदेशी लोगों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर ईएसएल स्टील लिमिटेड की वाडी परियोजना के बारे में कहा कि यह हमारे आस-पास के गांवों में स्थानीय आदिवासी किसानों को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही है। वेदांता में स्थायी आजीविका के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता प्रोजेक्ट वाडी द्वारा दर्शाई गई है जो नाबार्ड के सहयोग से काम करती है। लगभग 500 से अधिक आदिवासी किसान परिवारों को सशक्त बनाकर और बंजर भूमि को खेती योग्य भूमि में परिवर्तित करके हम न केवल फसल उगा रहे हैं बल्कि समृद्धि की खेती भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाडी परियोजना के घटक में बागों के विकास और अंतर-फसल के माध्यम से 450 एकड़ बंजर भूमि का रूपांतरण और 50 भूमिहीन किसानों को मुर्गी पालन, बत्तख पालन, बकरी पालन, केंचुआ खाद, मत्स्य पालन और सूअर पालन के विभिन्न सूक्ष्म उद्यम समूहों में शामिल करना शामिल है। इस परियोजना में किसानों को सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए सौर जल अवसंरचना की स्थापना और सिंचाई कुशल प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना भी शामिल है। मुख्य कार्यक्रम के बाद गणमान्य व्यक्तियों ने सूक्ष्म उद्यम विकास गतिविधियों के तहत एक पोल्ट्री इकाई का उद्घाटन किया। सत्र के बाद आदिवासी किसानों ने ईएसएल स्टील लिमिटेड की सीएसआर टीम, नाबार्ड और ग्रामीण सेवा संघ को उनके सतत कृषि में मदद करने के लिए धन्यवाद दिया।

## जूडो चैम्पियनशिप में डीएवी कोयला नगर बना चैम्पियन

# प्रशांत कुमार हेम्ब्रम और आदर्श कुमार बने बेस्ट फाईटर

**▸▸ डीएवी कोयला नगर में आयोजित दो दिवसीय जिला जूडो चैम्पियनशिप का समापन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** डीएवी कोयला नगर में आयोजित दो दिवसीय जिला जूडो चैम्पियनशिप का रविवार को समापन हो गया।

जिला जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया कि डीएवी कोयला नगर ने 135 अंक प्राप्त कर चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। वहीं धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच दूसरे तथा राजकमल स.वि. मंदिर तीसरे स्थान पर रहा।

चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले राजकमल स्कूल के छात्र प्रशांत कुमार हेम्ब्रम व डीएवी कोयला नगर के आदर्श कुमार को बेस्ट फाईटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। रेफरी की भूमिका पप्पू कुमार, सुदिप चक्रवर्ती, आरती कुमारी, सोमनाथ भट्टाचार्य, अक्षय कुमार, राहुल शर्मा ने निभाई। सफल बनाने मे अनिल कुमार, निरज मंडल, अभीषेक बनर्जी, आयुष कुमार व विद्यालय के कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा।

स्पीड न्यूज

## किशोर का शव कुआं से बरामद

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरा पाड़ा में रविवार को पुलिस ने कुआं से एक किशोर का शव बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार कुआं से बदबू आने पर कुछ ग्रामीणों में झांक कर देखा तो उसने औंधे मुंह किसी का शव पड़ा हुआ था। शव की हालत बहुत बुरी थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने शव को कुआं से निकलवा उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय में बताया कि शव की शिनाख्त बोरियो थाना क्षेत्र के बेहड़ा गांव निवासी लखन हेंब्रम (16) पिता घुमा हेंब्रम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि किशोर 4 दिन से लापता था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बज्रपात के चपेट में आने से व्यक्ति की हुई मौत

**दुमका।** जिले के मसलिया प्रखंड क्षेत्र के दिकु बेदिया गांव में बज्रपात से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है।मृतक को देखने पर ज्ञात होता है कि तेज बारिश से बचने के लिए सड़क किनारे जेएच 04 एबी 2787 बाईक को खड़ा कर सड़क किनारे स्थित घर के छज्जे का सहारा लिए हुआ था। इसी क्रम में बज्रपात के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई है। मृतक का पहचान जरमुंडी प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव के सुधांशु यादव उर्फ(कालू) के रूप में हुई है। मृतक परिवार में एक मात्र कमाऊ व्यक्ति था। अपने पीछे पिता बलराम यादव के अलावे माता, बेटा, बेटी व पत्नी को छोड़ गया। ग्रामीणों ने उक्त घटना की जानकारी मसलिया पुलिस को दी। हालांकि खबर लिखे जाने तक मसलिया पुलिस मौके पर नही पहुच सकी है।

## चन्द्रपुरा मे महिलाओं ने हर्षोल्लास मनाया सावन महोत्सव

**बेरमो।** चंद्रपुरा स्थित वेलफेयर सेंटर में भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। सभी महिलाएं हरी हरी साड़ी और हरी चूड़ियां पहन कर कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। साथ ही सावन के गीतों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर महिलाओं के बीच म्यूजिकल डांस एवं डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रपुरा प्रखंड की पूर्व प्रमुख अनीता गुप्ता ने कहा कि सावन में हरियाली और जीवन में खुशियों का संदेश देता है। साथ ही कहा कि सावन का महीना सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शोभा वर्णवाल, रिंकू देवी, रीमा डे, अनू मजूमदार, मीरा सोनी, दीप्ती पटेल, चंदा देवी, आशा देवी, सीमा देवी, बबली देवी, रिंकी देवी, सुचित्रा चक्रवर्ती, रेखा वर्णवाल, अनुप्रिया, संध्या, पूजा, मिरदुला पांडे, भवानी देवी, गुंजा देवी, सुमन मिश्रा, मीना पांडे, सीखा, रेखा भंडारी, सरिता वर्णवाल, बबिता राय, रोमिता मुखर्जी, गीता देवी आदि दर्जनो महिलाएं ने अहम भूमिका निभाई।

## जिला अनुसचिवीय कर्मचारी संघ गोड्डा के साथ विद्यालय लिपिक मुफसील के सभी लिपिक हड़ताल में रहेंगे

**गोड्डा।** आज जिला मुफसील अनुसचिवीय कर्मचारी संघो की बैठक में संघ के अध्यक्ष मदन मोहन मिश्र के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में काफी संख्या में उपस्थित लिपिकों ने ये निर्णय लिया कि दिनांक 12/8/2024 के आहूत हड़ताल के समर्थन में गोड्डा जिला के मुफसील अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के सारे लिपिक हड़ताल के समर्थन में जायेंगे बैठक में मनोज कुमार हाजरा, सचिव अनुसचिवीय मुकदिल कर्मचारी संघ,शाखा गोड्डा,राकेश कुमार झा, कुमार रितेश कश्यप,राजमोहन मुर्मू,राहुल रंजन,सुधीर चौधरी,शम्स तबरेज आलम,अभिनव स्वरुप,कृष्णा कुमारी, शशी भूषण सोरेन आदि शामिल थे सभी लिपिकों ने एकमत होकर 12/8/24 से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

### अपराध समीक्षात्मक बैठक कर एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को दिए कई अहम निर्देश

# थाना आये लोगों से विनम्रता से मिलें पुलिस अधिकारी, महिला सुरक्षा पर ध्यान दें: एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका/विवि।** समाहरणालय परिसर स्थित एसपी कार्यालय में रविवार को पुलिस पदाधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने की। बैठक में जिले के सभी एसडीपीओ, डीएसपी, अभियान डीएसपी, पुलिस इंस्पेक्टर एवं विभिन्न थाना के थाना प्रभारी शामिल हुए। उक्त बैठक में एसपी श्री खेरवार ने सभी थाना प्रभारी को लंबे समय से लंबित चले आ रहे हैं कांडों को त्वरित गति से निष्पादन कर लंबित आकडों को कम करने को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिया। एसपी ने विधि व्यवस्था संबंधित विषयों पर समीक्षा कर सभी पुलिस पदाधिकारी को दिए विशेष दिशा निर्देश दिये। वाहन चोरी की घटना को रोकने के लिए गस्ती पार्टियों को लगातार गस्ती करने एवं वाहन चोरी वाले कांडों को वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान करने का निर्देश दिये। महिला सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश देकर आपातकाल परिस्थिति में डायल 112 एवं 112 पैनिक मोड/शक्ति ऐप का इस्तेमाल महिला करने एवं सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र के हाट बाजारों में सतत निगरानी बरतने को निर्देशित किया। एसपी ने क्राईम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम की समीक्षा कर कोर एपलिकेशन सिस्टम (सीएएस) सॉफ्टवेयर में वर्ष 2024 के सभी कांडों एवं अनुसंधान विवरणी टाइम फ्रेम के अंदर अपडेट करने का निर्देश दिया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को चरित्र प्रमाण पत्र निर्गत करने की गति को तेज करने एवं थाना में आए लोगों से विनम्रता से पेश आने का निर्देश दिया।

### अर्घा सिस्टम हटाने की मांग को लेकर

# पंडा-पुरोहितों ने बासुकीनाथ मंदिर परिसर में दिया धरना



धरना प्रदर्शन करते पंडा समाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले की प्रसिद्ध तीर्थस्थल बासुकीनाथ धाम में रविवार को पंडा समाज के सदस्यों ने मंदिर के गर्भगृह से अर्घा सिस्टम हटाने की मांग को लेकर रविवार को धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान पंडा समाज ने प्रशासन पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए अर्घा सिस्टम को हटाने की मांग की। मंदिर कार्यालय के सामने पुरोहित और पंडे धरने पर बैठे थे। इस दौरान पंडा समाज के लोगों ने कहा कि प्रशासन के साथ जो हमारी जो बात हुई थी। उसके अनुसार श्रावणी मेले में केवल सोमवार और मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर जलार्पण करने के लिए अर्घा सिस्टम का प्रयोग किया जाएगा। वहीं सप्ताह के शेष पांच दिनों में स्पर्श पूजा की व्यवस्था होगी। लेकिन प्रशासन ने पूरे सप्ताह अर्घा सिस्टम लागू कर दिया। धरना पर बैठे पंडा समाज के सदस्यों ने प्रशासन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। बासुकीनाथ मंदिर कार्यालय के सामने धरना पर बैठे पंडा धर्मरक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा ने कहा कि जिला प्रशासन के साथ हम लोगों का काफी सौहार्दपूर्ण रिश्ता है। मंदिर के विकास कार्यों और कार्यक्रमों में हमलोग साथ-साथ चलते हैं। इसी क्रम में यह बात हुई थी कि सावन माह में सप्ताह के दो दिन सोमवार और मंगलवार को ही सिर्फ अर्घा सिस्टम से जलार्पण किया जायेगा। लेकिन प्रशासन ने वादा खिलाफी कर पूरे सप्ताह अर्घा सिस्टम लागू कर दिया। पंडा धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री संजय झा ने कहा कि बासुकिनाथ मंदिर में शिवलिंग की स्पर्श पूजा का विशेष महत्व है। ऐसे में हम लोगों ने अपने यजमानों को कह दिया था कि यदि स्पर्श पूजा करनी है तो सोमवार और मंगलवार छोड़कर आएं. अब जब वे अन्य दिनों में आ रहे हैं तो प्रशासन अर्घा नहीं हटा रहा है। इससे श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंच रही है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द मंदिर के गर्भगृह से अर्घा हटाने का मांग किया। हालांकि पंडा समाज के इस मांग को लेकर जिला प्रशासन की ओर से किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरहरवा/साहिबगंज।** प्रखंड अंतर्गत श्रीकुण्ड पंचायत के चाकपड़ा, एवं पठान टोली में प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम के नेतृत में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित भी किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि आप जनता का काफी साथ रहा है और पूर्ण विश्वास है कि आगे भी आप लोगों साथ मिलता रहेगा। साथ ही उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी नीति और सिद्धांत पर चलने वाली पार्टी है बाकी विपक्षी पार्टी कि कोई नीति है और न ही सिद्धांत। उन्होंने ये भी कहा कि झारखंड में मोहब्बत जीतेगी और नफरत हारेगा। और महागठबंधन कि सरकार बनेगी।

मौके पर प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक दास, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, नाबिद अंजुम, अनंत लाल भगत, नेहाल अख्तर,पूर्व मुखिया जब्बार, मुखिया काबिल, प्रखंड उपाध्यक्ष मोहम्मद काजल,वार्ड सदस्य मोहम्मद आनिश, कुर्बान शेख, शमीम अख्तर, हाजी अजीजुर रहमान, अब्दुल रहमान, अबू ताहिर शेख, नैमुर सेख, गयासुद्दीन अंसारीसहित कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## संत शिरोमणि गौस्वामी तुलसीदास की जयंती मनी

**साहिबगंज/तालझारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लालमाटी में रविवार को संत शिरोमणि गौस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई गई इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार उपाध्याय एवं विद्यालय के आचार्य एवं दीदी जी ने दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। सामूहिक हनुमान चालीसा और वंदना के पश्चात आचार्यजी और दीदीजी ने स्वामी गौस्वामी तुलसीदास के जीवनी पर प्रकाश डाला। विद्यालय में कक्षा द्वितीय से पंचम तक के भैया बहनों के बीच प्रांत योजना अनुसार सुलेख और चित्रकला का आयोजन किया गया। कक्षा द्वितीय सुलेख में प्रथम स्थान बहन सुलेखा तिर्की, द्वितीय स्थान बहन आदिति कुमारी, तृतीय स्थान प्रिंस कुमार, कक्षा तृतीय सुलेख में प्रथम स्थान भैया आर्यन कुमार द्वितीय स्थान पल्लवी तिवारी, तृतीय स्थान निशा कुमारी, कक्षा चतुर्थ चित्रकला में प्रथम स्थान बहन प्राची कुमारी, द्वितीय स्थान भैया मयंक कुमार, तृतीय स्थान भैया आयुष मंडल,कक्षा पंचम चित्रकला में प्रथम स्थान बहन आरुषि कुमारी, द्वितीय स्थान बहन आदित्य कुमार,तृतीय स्थान बहन भाग्यश्री कुमारी प्राप्त की।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिलाओं को आर्थिक स्वालंबी बनाने के दिशा में

# सीएम हेमंत का सरानीय प्रयास: झामुमो



प्रेसवार्ता करते झामुमों कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 3 अगस्त से चालू किया है। यह महत्वकांक्षी योजना को धरातल पर लागू करने और लाभुकों को उनके हक और अधिकारी दिलाना झामुमों कार्याकत्ताओं का कर्त्तव्य है। उक्त बातें झामुमों जिला सचिव शिवा बास्की ने रविवार को परिसदन भवन में प्रेसवार्ता कर कहा। उन्होंने कहा कि सम्मान योजना का लाभ 21 वर्ष से 50 साल तक की आयु सीमा महिलाओं के लिए निर्धारित है। सरकार इस योजना का लाभ प्रत्येक लाभुको को 1000 प्रति माह लाभ देगी। इसके लिए राज्य भर में जिले के विभिन्न पंचायत में उसका फार्म उपलब्ध कराया जा रहा है। सेविका द्वारा फार्म दिया जा रहा है। लाभुकों को फॉर्म अच्छी तरीके से भराया जा रहा है। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी योजना को धरातल पर लागू करने में जुटे है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को कैसे मिले यह सरकार की सोच है। जिला सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री मैया योजना गरीब महिलाओं को आगे बढ़ाने और महिलाओं को आर्थिक रूप स्वालंबी बनाने के लिए है। जिला सचिव श्री बास्की ने कहा कि योजना को हर कीमत पर मुख्यमंत्री लागू करेंगे, लेकिन विपक्षी लोगों के बीच भ्रम फैला रहे है। योजना को सफल बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस तरह की कई कल्याणकारी योजनाएं गरीबों के लाभकारी योजनाएं को लागू कर सरकार समृद्ध झारखंड बनाने के दिशा में अग्रसर है। इस अवसर पर केंद्रीय प्रवक्ता अब्दुस सलाम अंसारी, नगर अध्यक्ष रवि यादव आदि मौजूद रहे।

## मूर्ति चोरी मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के सोती चौकी खुटहरी स्थित मंदिर से चोरी गयी बजरंग बली की मूर्ति पुलिस ने 24 घंटों के अंदर बरामद कर ली। साथ ही वारदात को अंजाम देने वाले सभी 5 चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसडीपीओ किशोर तिर्की ने रविवार को जिरवाबाड़ी थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि 10 अगस्त को ठाकुर बाड़ी मंदिर से अष्ट धातु से निर्मित बजरंग बली की मूर्ति चोरी हुई थी। चोर बाइक से भाग रहे थे। ग्रामीणों के सहयोग से भाग रहे दो चोर को दबोच लिया गया। जबकि एक भागने में सफल हो गया। पकड़ा गया चोर नगर थाना क्षेत्र के एलसी रोड, दुसाध पाड़ा निवासी समर अली (29) एवं बिहार के भागलपुर जिला अंतर्गत कहलगांव थाना क्षेत्र के पठनपुरा निवासी सौरभ कुमार (19) था। फरार हुए चोर कहलगांव, पठनपुरा निवासी बल्ली कुमार उर्फ बल्ली (19)को भी पुलिस में बाद में दबोच लिया। उनकी निशानदेही पर जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के सोतीचौकी खुटहरी निवासी भूपेंद्र ठाकुर उर्फ भूप नारायण ठाकुर (28) व रणवीर ठाकुर (24) को भी दबोच लिया गया।

# रेप के आरोपी के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तालझारी/साहिबगंज।** बालात्कार का आरोपी छोटी भगियामारी गांव निवासी फरार युवक गुड्डू चौधरी के घर पर रविवार को को तालझारी थाना के पुलिस एस आई कन्हैया प्रसाद साह ने इश्तेहार चस्पा कर कोर्ट में अविलम्ब हाजिर होने का फरमान जारी किया है। छोटी भगियामारी गांव निवासी जगरनाथ चौधरी के पुत्र गुड्डु चौधरी के ऊपर एक महिला के साथ बलात्कार करने का आरोप है। इस संबंध में तालझारी थाना में पीड़िता के आवेदन पर कांड संख्या 101/23 धारा 376/ 504/506 आईपीसी 4/5 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# बहनों को सम्मान देने का काम कर रही है राज्य की हेमंत सरकार : योगेन्द्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/ललपनिया।** झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईंयां सम्मान योजना (खटटर) झारखंड राज्य की सभी और हर वर्ग समुदाय की महिलाओं को सम्मान और अधिकार प्रदान करने की महत्वकांक्षी योजना है। माननीय लोकप्रिय मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन जी इस योजना को मिशन मोड में लेकर पूरे राज्य में अभियान चला रहे हैं।

यहां योजना को लेकर आवेदन प्रपत्र भरने के क्रियान्वयन को लगातार समीक्षा के उपरांत आसान कर दिया गया है। जिसके बाद हर दिन लाखों महिलाएं आवेदन भरकर जमा कर रही हैं। लेकिन यह खेदजनक है कि विपक्ष ने इस योजना को राज्य की महिलाओं के हित में न सोचकर जनता को गुमराह कर गंदी राजनीति कर रही है। उक्त बातें रविवार को गोमिया के लोकप्रिय पूर्व विधायक सह केंद्रीय प्रवक्ता योगेंद्र प्रसाद महतो ने पत्रकारो से कही। उन्होंने कहा कि इस राज्य की जनता ने भाजपा आजसू को 18 साल शासन का मौका दिया लेकिन महिलाओं के हक अधिकार और सम्मान के लिए कुछ नहीं किया। आज जब इस राज्य के लोकप्रिय मुखिया हेमंत बाबू राज्य की सभी महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने में जुटे हैं तो विपक्ष द्वारा जनता को इस योजना को लेकर गुमराह करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपने मकसद में कभी कामयाब नहीं होगी और उक्त योजना इस राज्य की सभी बहनों की दशा और दिशा बदलने का काम करेगी।उन्होंने कहा कि 25जुलाई से शुरू खटटर के अंतर्गत राज्य की 21 वर्ष से लेकर 50 वर्ष तक की आयु की सभी बहनों को सम्मान और अधिकार प्रदान किया जाएगा।हर माह 1000 रुपए अर्थात सालाना 12000 रु. की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।

एक नजर में

## भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज/तालझारी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तालझारी ईकाई के द्वारा रविवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय मंगलहट से होते हुए मंगलहाट चौक, इंग्लिश, संग्रामपुर, मखानी, लालमाटी होते हुए तालझारी रेलवे स्टेशन पर समापन किया गया। तिरंगा यात्रा से पहले तिरंगा यात्रा का उद्घाटन तालझारी प्रभारी अमर मिंज,एस आई अनिल यादव, सियाराम पंडित, कन्हैया प्रसाद साह,विभाग सहसंयोजक पवन कुमार सिंह,जिला संयोजक संजय दत्त संयुक्त रूप से फिता काट कर की। भव्य तिरंगा यात्रा में 100 मीटर की तिरंगा हाथों में लेकर छात्र भारत माता के नारे लगा रहे थे। तिरंगा यात्रा में हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया।

इस यात्रा में छात्रों के हाथों में तिरंगा झंडा था और वे भारत माता की जय और वंदेमातरम के नारे लगा रहे थे।यात्रा का नेतृत्व कर रहे नगरमंत्री गौरव कुमार ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार हमारे क्षेत्र में 100 मीटर का तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ।

तिरंगा यात्रा में भाग +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय मंगलहाट, उत्क्रमित उच्च कन्या विद्यालय तालझारी, मॉडल स्कूल तालझारी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय करणपुरातो, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मखानी के छात्र छात्राओं ने इस तिरंगा यात्रा में भाग लिए।इस भव्य तिरंगा यात्रा में लगभग पांच हजार छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष हर क्षेत्र में वीर शहिद की यादों में एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा के माध्यम से आम जनमानस में देशभक्ति की भावना संचार हो इस भावनाओं को लेकर विद्यार्थी परिषद तिरंगा यात्रा निकली।

इस यात्रा में राजमहल थाना के प्रभारी गुलाम सर्वर एवं तालझारी थाना प्रभारी अमर मिंज ने अपनी टीम के साथ इस तिरंगा यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया मौके पर नगर सह मंत्री बिरू कुमार, दानी कुमार, हरिओम गुप्ता, सनी सिंह, प्रियंका कुमारी, कंचन कुमारी, सुहानी कुमारी, मोनिका कुमारी छोटी कुमारी आरती कुमारी, नेहा कुमारी, सोनी सोरेन, तनु कुमारी, सरिता कुमारी, राजश्री कुमारी, मिथुन यादव, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार, संतोष कुमार, मुकेश महतो, राहुल रजक, बादल पंडित, अंकित चौधरी, विश्वजीत कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्यालय जिला रसोइया संघ आंदोलन के लिए सड़कों पर उतरेगी : अनीता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज झारखण्ड राज्य विद्यालय रसोईया संघ जिला कमिटी गोड्डा की बैठक 11/8/2024 को गांधी मैदान गोड्डा में 1 बजे से हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेश्वरी देवी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्य कमिटी की 6 अगस्त को हुई बैठक में निर्णय लिए गए, 16 अगस्त से राज्यस्तरीय काला बिल्ला लगाकर अपनी कार्य करेगी।

इसके बाबजूद भी सरकार रसोईया पर विचार नहीं करती हैं तो संघ 26 अगस्त गोड्डा जिले के सभी से राजभवन के समक्ष सरकार के विरुद्ध अनिश्चित कालीन महाधरना पर रसोईया संघ बैठने को मजबुर हो जाएंगे। कार्यक्रम कि जानकारी देते हुए झारखण्ड राज्य रसोइया संघ कि जिला महासचिव अनीता ठाकुर ने बताया कि सरकार ने जो वादा रसोइया बहनों से की थी , वह अबतक लागू नहीं हो पाई है ।

**मांगे निम्न है :** 1. मानदेय में वृद्धि 2. दस माह के स्थान पर बारह माह का मानदेय भुगतान हो। 3. सभी रसोईया एवं संयोजिका के लिए एक नियमावली बने। 4. सभी संयोजिका को भी आंगनबाड़ी सेविकाओं तरह स्थाई करो। तथा मानदेय लागू किया जाय। 5. दस लाख का बीमा हो। 6. प्रत्येक वर्ष दो सेट ड्रेस मिले। 7. सेवा स्थाई करण हो इत्यादि।

## झारखण्ड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ का दो दिवसीय राज्य सम्मेलन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** दिनाँक 10 और 11 अगस्त 2024 को झारखण्ड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ का दो दिवसीय राज्य सम्मेलन खूँटी जिले के शैलेश्वरी भवन में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में झारखण्ड के चौबीसों जिला के जिला संघ प्रतिनिधि एवं राज्य संघ प्रतिनिधियो के द्वरा जे०एस०एल०पी०एस० कर्मचारियों के हितों के सम्बंध में सरकार तथा विभाग से चार सूत्री माँगो को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। पहला जे०एस०एल०पी०एस० के जोहार,एम०के०एस०पी०,एन०आर०ई०टी०पी० परियोजना के अंतर्गत बहाल सैकड़ो कर्मचारी परियोजना समाप्ति के पश्चात बिल्कुल बेरोजगार हो चुके है एवं उनके समक्ष गहन आर्थिक संकट उत्पन्न हो चुका है उसे पुनः मूल परियोजना एन०आर०एल०एम० में समाहित किया जाय। दूसरा जे०एस०एल०पी०एस० के अंतर्गत कार्यरत सबसे कम वेतन भोगी हजारों सामुदायिक समन्वयको को प्रबंधन के द्वारा हाल ही में मैन्युअल के विरुद्ध घर से 150 से 250 किलोमीटर दूर अन्य जिलों में स्थानांतरित कर दिया गया है। कम वेतन एवं महंगाई के जमाने मे घर से इतनी दूर कार्य करना सम्भव नही हो पा रहा है अतः सभी कर्मचारियों को अपने जिले के गृह अथवा नजदीकी प्रखण्डों में पदस्थापित किया जाय। तीसरा जे०एस०एल०पी०एस० के कर्मचारियों का वेतन संरचना ठटटव के तर्ज पर झारखण्ड सरकार में समायोजन किया जाय। चौथा स्थाईकरण- जे०एस०एल०पी०एस० के सभी कर्मी झारखण्ड सरकार के विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए सुदूरवर्ती ग्रामीण गरीब महिलाओं तथा उनके परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य करते है। अतःजे०एस०एल०पी०एस० के सभी कर्मियों को स्थाई किया जाय। अगर सरकार तथा विभाग द्वारा निम्नलिखित माँगो पर अविलम्ब विचार करते हुए पूरी नही की करते है तो संघ हड़ताल करने पर बाध्य होंगे। पाँचवा झारखण्ड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ को तेज गति देने के लिए उपस्थित सभी जिलों के प्रतिनिधि द्वारा सर्वसम्मति से राजपति महतो को महामंत्री के रूप में चयन किया गया। मौके पर शिव कुमार सिंह, मो०ताहिर, राजपति महतो, शम्भू टोप्पो, श्यामकांत, सलामुद्दीन खां, शाहनवाज,अशोक, घनश्याम, मैरी मुर्मू,पूजा,संध्या,सुनैना,अंशुमान तथा सभी जिले के संघ प्रतिनिधि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता के निधन से प्रखंड में शोक की लहर

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के खुट्टा ग्राम निवासी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सहदेव अग्रवाल की आकस्मिक निधन से प्रखंड में शोक की लहर है। ऐसे वक्त जब सतगावां में भाजपा का कोई झंडा उठाने वाला कोई नहीं था, उस समय श्री अग्रवाल ने पार्टी का झंडा उठाया और नारा दिया। शोक व्यक्त करने वालों में बालमुकुंद सिंह, जयशंकर सिंह, अनिल यादव, सुरेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, मनोज भगत, बिनोद यादव, नरेश यादव, मुन्ना यादव, दीपेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सुनील यादव, सुधीर अग्रवाल, शंभू मोदी, धनंजय यादव, मनोज निराला, अविनाश गोयल आदि के नाम शामिल हैं।

### अरबाज बने चेहल्लुम कमेटी के अध्यक्ष, सचिव सत्तार

**सिमरिया।** प्रखंड के फतहा गांव में चेहल्लुम अंजुमन कमेटी की बैठक में चेहल्लुम जुलूस 26 अगस्त को शांतिपूर्ण तरीके से निकालने का निर्णय लिया गया। चेहल्लुम कमेटी के अध्यक्ष मो० अरबाज ने चेहल्लुम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की बात कही और सभी समुदायों के लोगों से आपसी समन्वय एवं सहयोग की भावना रखते हुए मनाने की अपील की। बैठक में चेहल्लुम कमेटी के पदाधिकारियों का भी चयन किया गया, जिसमें मो०अरबाज को अध्यक्ष, मो०शकील उर्फ बड़े को उपाधक्ष, सत्तार अंसारी को सचिव, मो०अरशद को उपसचिव, मो०कुदूस को कोषाध्यक्ष और दानिश को संयोजक बनाया गया। बैठक में तय हुआ कि चेहल्लुम जुलूस सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए शानो-शौकत के साथ निकाला जाएगा। बैठक में गांव के सभी बुद्धिजीवी लोग मौजूद थे, जिनमें असरार अंसारी, जुनैद हुसैन, मास्टर अलाऊद्दीन, इदरीश अंसारी, इब्राहिम मियां, आदम हुसैन, रकीब अंसारी, मोइन अंसारी, नदीम अंसारी, इसराफिल मियां, आमिर अंसारी, सद्दाम हुसैन, रफीक मियां, शाहिद मियां, अल्ताफ रजा, मो०सहाबू, अयूब मियां, इलियास, रफीक मियां, सद्दाम मियां, अकमल, मोजिम अंसारी आदि शामिल थे।

### सोशल ऑडिटर टीम की लापरवाही से ग्रामीण नाराज, लगाया रिश्वत का आरोप

**सिमरिया।** उपप्रमुख दामोदर गोप ने अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें सबानो पंचायत में सोशल ऑडिटर टीमों द्वारा बरती जा रही लापरवाही को लेकर पुनः सोशल ऑडिट कराने की मांग की गई है। उपप्रमुख ने आरोप लगाया है कि सोशल ऑडिटर टीम बिना योजना स्थल का निरीक्षण किए ही खानापूर्ति कर रही है और ऑडिट के दौरान भी काफी लापरवाही बरती जा रही है। इसके अलावा, पंचायत में बिना किसी प्रचार-प्रसार के जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित कर दिया गया, जिससे ग्रामीण उपस्थित नहीं हो सके। जब कुछ ग्रामीण पहुँचे और जानकारी ली, तो सोशल ऑडिटर टीम ने उन्हें साफ मना कर दिया और कहा कि वे किसी के कहने पर पुनः जनसुनवाई नहीं करवाएँगे।सोशल ऑडिटर टीम ने दो-चार लोगों के बीच ही जनसुनवाई की और ज्योरि मेंबर द्वारा सुनाए गए फैसले को भी नहीं माना।

## कोडरमा बचाओ संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

# कोडरमा की जनता पूरे दमखम के साथ करेगी विरोध : समिति

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा बचाओ संघर्ष समिति के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रविवार को समाहरणालय परिसर बरगद पेड़ के नीचे समिति के संयोजक मनोज कुमार झुन्नू की अध्यक्षता एवं सह संयोजक महेश भारती के संचालन में पॉलिटेक्निक कॉलेज कोडरमा का स्थानांतरण रोकने, बागीटांड में बने इंजीनियरिंग कॉलेज को पीपी मोड के तहत किए गए एमओयू को रद्द करने एवं जल्द से जल्द कॉलेज को शुरू कराने, जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया को विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से हटा कर गिरिडीह से संबद्ध करने के खिलाफ सहित कोडरमा के अन्य ज्वलंत मुद्दों जैसे होल्डिंग टैक्स, नियमित बिजली पानी की आपूर्ति, शहर की साफ सफाई जैसे मुद्दों को लेकर बैठक संपन्न हुई।




बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में पॉलिटेक्निक कॉलेज कोडरमा को बंद कर जयनगर गोहाल ले जाने का पुरजोर विरोध किया। मौके पर सभी वक्ताओं ने कहा की कोडरमा का अस्तित्व 1958 की धरोहर को कोडरमा के जन प्रतिनिधि संजोगकर रखने के बजाय अपने सामने ध्वस्त होते देख रहे हैं। यह कोडरमा के लिए बहुत ही दुर्भाग्य की बात है।

इस कोडरमा की हरियाली धरती को सुनसान बनाने का जो भी लोगों ने षड्यंत्र किया है, उसे जनता सबक सिखाएगी। बैठक में कोडरमा बचाओ संघर्ष समिति मुख्य मांगों में होल्डिंग टैक्स एवं अन्य समस्याओं को लेकर 13 अगस्त को नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक से प्रतिनिधि मंडल मिलना, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बचाओ को लेकर 20 अगस्त को माइनिंग गेट के पास 11 बजे दिन से दो घंटे का सांकेतिक धरना, जेजे कॉलेज को विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से गिरिडीह से संबद्ध करने के खिलाफ 22 अगस्त को जेजे कॉलेज गेट के पास 11 बजे दिन से दो घंटे का सांकेतिक धरना देने आदि का निर्णय लिया गया। बैठक में दीपक कुमार नवीन, साजिद हुसैन (लल्लू), संजीव समीर, आर के बसंत, राजू खान, आफताब आलम, सूरज सिन्हा, धीरज नाथ गोस्वामी, मो. तनवीर अख्तर, विलास राम, मो. असगर आदि लोग शामिल थे।

### दलितों ने 21 को भारत बंद का ऐलान किया

**टंडवा (चतरा)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान में दलितों के लिए दिए गए एससी-एसटी आरक्षण में उप-कोटा तय करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में रविवार को स्थानीय नगर भवन में एससी-एसटी के बैनर तले बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनुसूचित जाति के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष कुमार दास ने की और संचालन समाजसेवी देवकी रजक ने किया।बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आक्रोश जताया और 21 अगस्त को भारत बंद करने का संकल्प लिया। बैठक में बंदी को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुभाष कुमार दास, उपाध्यक्ष देवकी रजक, सचिव रामोतार राम, कोषाध्यक्ष पवन पासवन सहित अन्य पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूरे भारत में टंडवा ऐसा पहला क्षेत्र होगा जहां बंदी का पुरजोर असर दिखेगा और बंदी में महिलाओं की भीड़ होगी।

## एक नजर में

### महागठबंधन सरकार के खिलाफ पारा शिक्षक उतारेंगे अपने उम्मीदवार

**चतरा।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के चतरा जिला इकाई ने पत्रकारों को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आगामी 12 अगस्त को झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम के साथ पारा शिक्षकों की वार्ता सफल नहीं होने पर झारखंड के 30 विधानसभा सीटों पर महागठबंधन सरकार के प्रत्याशियों के खिलाफ पारा शिक्षक अपने उम्मीदवार उतारेंगे और महागठबंधन की सरकार के घोषित उम्मीदवारों को हराने का काम करेंगे। झारखंड के 62000 सहायक अध्यापक लगातार 20 वर्षों से अपने जायज मांग वेतनमान की मांग को लेकर आंदोलित हैं। हेमंत सोरेन सरकार ने पिछले विधानसभा चुनाव 2019 में झारखंड के पारा शिक्षकों से वादा करके चुनाव में जीत कर आई थी कि सरकार बनने के बाद पारा शिक्षकों को नियमित करते हुए वेतनमान देकर पारा शिक्षकों के सम्मान को बढ़ाते हुए उनके भविष्य को सुरक्षित करेंगे। लेकिन आज तक सरकार के अंतिम कार्यकाल के समय होने के बावजूद भी लगातार हेमंत सोरेन सरकार 5 वर्षों से टाल मटोल कर पारा शिक्षकों को गुमराह कर रहे हैं।23 जून से झारखंड के सभी 62000 सहायक अध्यापक अपने कार्यों को ईमानदारी पूर्वक सम्पन्न करते हुए आंदोलन पर उतारू थे। विगत 20 जुलाई को रांची में आयोजित मुख्यमंत्री आवास के घेराव के दौरान शिक्षा मंत्री के द्वारा पारा शिक्षकों के साथ सकारात्मक पहल करके वार्ता के टेबल पर बुलाकर 25 जुलाई एवं 5 अगस्त की वार्ता में कोई ठोस निर्णय पर नहीं पहुंचकर पारा शिक्षकों को काफी दुख पहुंचाया है। पारा शिक्षकों ने लगभग 30 उम्मीदवारों को आगामी चुनाव के लिए तैयार कर रखा है।

### पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद भी जरूरी: उपायुक्त

**चतरा।** चतरा जिला ताइक्वांडो संघ ने जिला मुख्यालय स्थित नाजेरथ स्कूल के सभागार में 20वीं एकदिवसीय चतरा जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया। चैंपियनशिप का उद्घाटन चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद भी जरूरी है। ताइक्वांडो आत्मरक्षा का खेल है और इस खेल में खिलाड़ी जिला से निकलकर नेशनल और इंटरनेशनल खेल रहे हैं। उपायुक्त ने संघ के पदाधिकारियों का हौसला बढ़ाते हुए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद देने का भरोसा दिया। इस प्रतियोगिता में पूरे जिले से 350 बालक एवं बालिकाओं ने हिस्सा लिया।समापन बेला में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी(मु) रोहित कुमार रजवार, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला योजना पदाधिकारी शिशिर कुमार पंडित और ग्रामीण विकास के सहायक अभियंता पियूष कुमार मौजूद थे।अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विद्यालयों में नाजेरथ स्कूल, नाजेरथ विद्या निकेतन, लायल एकेडमी, रामेश्वरलाल खंडेलवाल विद्या मंदिर, दिल्ली पब्लिक स्कूल तपेज, दिल्ली पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन, होली गार्डन नेशनल पब्लिक स्कूल, नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय टंडवा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय इटखोरी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्रतापपुर, नीलांबर पीताम्बर पब्लिक स्कूल, भीआईपी स्कूल मोरंगी, ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल, न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल, प्रगतिशील संस्थान क्लब शामिल हैं।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड में मंगलवार को युवा आदर्श फाउंडेशन के बैनर तले हर घर तिरंगा अभियान के तहत भक्ति तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से हजारों लोग शामिल होंगे। युवा आदर्श फाउंडेशन के अध्यक्ष अवधेश सिंह उर्फ गुजुन ने कहा कि हमारा भारत स्वर्णिम दौर से गुजर रहा है और हमारा तिरंगा हमारे अतीत के गौरव, वर्तमान की कर्तव्यनिष्ठा और भविष्य के सपनों का प्रतीक है। यह भारत की एकता, अखंडता और विविधता का भी प्रतीक है।

देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सभी से हर घर तिरंगा लगाने की अपील की है। शहीदों के सम्मान में 151 मीटर लंबा तिरंगा यात्रा निकाला जा रहा है। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ रामनगर उच्च विद्यालय कान्हाचट्टी से सुबह 8:30 बजे होगा और कान्हाचट्टी मुख्य बाजार, सीताराम शायल बगीचा, कान्हाचट्टी होते हुए राजपुर मुख्य बाजार स्थित गांधी चौक में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और राष्ट्रीय गीत के साथ तिरंगा यात्रा का समापन किया जाएगा। सभी प्रखंड वासियों से इस स्वर्णिम और ऐतिहासिक भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

### अबुआ आवास का लाभ देने के नाम पर खुलेआम 20 हजार रुपये की मांग, ऑडियो वायरल

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के कोबना पंचायत में पंचायत सचिव संदीप सुमन अबुआ आवास का लाभ देने के नाम पर खुलेआम 20 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं, जिसका ऑडियो वायरल हो गया है। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के नाम पर लूट मची हुई है और यह मामला केवल एक पंचायत का नहीं है, बल्कि जिले के अधिकांश पंचायतों में यही हाल है। लाभार्थी द्वारा जनता दरबार में आवेदन देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे पंचायत सचिव का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

## भ्रष्टाचार की गढ़ बनती जा रही है झुमरीतिलैया नगर परिषद्

# अब ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निकाली गयी निविदा : सईद

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झुमरीतिलैया नगर परिषद् के सामानों के खरीदकर्ता नगर प्रबंधक सतीश कुमार एवं लाभार्थी कार्यपालक पदाधिकारी दोनों मिलकर झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र में ऑनलाइन पोर्टल जेम्स में निविदा, निविदा संख्या जीईएम/ 2024/बी/ 524692 निकाला गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि इसमें कार्यपालक पदाधिकारी अंकित गुप्ता के प्रश्रय में नगर प्रबंधक को गड़बड़ियां करने की खुली छूट दे दिए हैं। यह निविदा झुमरीतिलैया शहरी क्षेत्र से बाहर ग्रामीण जलापूर्ति प्रणाली के लिए वाटर मीटर की खरीदारी के लिए निकाला गया है। जो कि अपने आप में भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रहा है। प्रश्न उठना लाज़मी है कि जब नगर परिषद् क्षेत्र शहरी इलाके में आता है तो किस आधार पर ग्रामीण क्षेत्र के लिए निविदा निकाली गई है। जबकि इस निविदा में सामान खरीदने के लिए तकनीकी विवरणी पर इन्होंने खुद स्वीकृति प्रदान की है एवं इसमें कार्यपालक



पदाधिकारी का हस्ताक्षर भी नहीं है। वहीं नगर परिषद् की कार्यशैली से लगता है कि वाटर मीटर खरीदने के लिए तय दर की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त किए बिना ही बहुत ज्यादा दाम में खरीदारी कर सरकारी राजस्व की बंदरबांट की तैयारी कर ली गई है। एक ओर इस निविदा में भाग लेने के लिए जो पात्रता मापदंड रखा गया है, उस पात्रता मापदंड को पूर्ण करने वाले कई निविदा दाता भाग नहीं ले पा रहे हैं। इससे प्रतीत होता है कि कार्यालय ने पहले से ही किसी निश्चित व्यक्ति को ही कार्यादेश देने के लिए सेटिंग कर लिया है। इससे भी समझा जा सकता हैं कि भुगतान प्रक्रिया के दस्तावेज के जगह पर अन्य दस्तावेज अपलोड किया गया है, ताकि लोगों को पता ही नहीं चले कि भुगतान कैसे, कब और कितना किया जाएगा। सईद नसीम ने कहा कि बता दें कि पिछले वर्ष अगस्त में ऑनलाइन पोर्टल जेम्स से इन्होंने सामुदायिक एवं सार्वजानिक शौचालयों पर करोड़ रुपये का सोलर सिस्टम लगवाया था, लेकिन एक भी कार्य नहीं कर रहा है। इनके द्वारा पिछले वर्ष जुलाई में ही कई सामानों की खरीदारी की गई थी। इसमें से एक सफाई मशीन गाड़ी लगभग 35 लाख रुपये ख़रीदा गया, जिसका अभी तक दो-तीन बार उपयोग किया गया और ख़राब पड़ा हुआ है। झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र की साफ-सफाई, फोगिंग, जलापूर्ति, स्ट्रीट लाइट आदि मूलभूत आवश्यकताओं पर ध्यान नहीं देने से व्यवस्था बदतर हो गई है और नगर परिषद् के पदाधिकारी सरकारी राजस्व की लूट, भ्रष्टाचार, मिलीभगत कर सरकारी राजस्व के बंदरबांट एवं वित्तीय अनियमितता करने में संलिप्त हैं। कई मामले उजागर होने के बाद भी इन पर कोई करवाई नही होना लंबे समय से एक ही जगह पर इनका जमे रहना, नप में भ्रष्टाचार, मिली भगत, षड्यंत्र और वितीय अनियमितता को बढ़ावा दे रहा है।

### कांवर पद यात्रा को लेकर ध्वजाधारी धाम में तैयारी पूर्ण

**कोडरमा।** श्री राम संकीर्तन मंडल के द्वारा आयोजित झरनाकुंड धाम झुमरीतिलैया से ध्वजाधारी धाम तक कांवर पद यात्रा को लेकर ध्वजाधारी धाम में तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जहां आश्रम कमेटी के द्वारा पूरे क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, वहीं कमेटी के सदस्य आश्रम से लेकर पूरे पहाड़ के रास्ते में जगह जगह तैनात रहकर भक्तों की सेवा में लगे रहेंगे। वहीं नंदी बाबा ट्रस्ट के द्वारा भंडारा का भी आयोजन हर साल की भांति इस बार भी किया जा रहा है। भंडारे में प्रसाद बनाने की तैयारी रविवार से ही कर ली गई थी। वहीं ध्वजाधारी धाम परिसर में जिला प्रशासन के द्वारा बैरिकेटिंग लगाया गया है, ताकि भक्तों के भीड़ को नियंत्रित किया जा सके, साथ ही जगह जगह कैमरा व ड्रोन के माध्यम से पूरे क्षेत्र में नजर रखी जायेगी। झरना कुंड धाम से ध्वजाधारी धाम तक जिला प्रशासन के द्वारा चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एंबुलेंस की सुविधा के साथ स्वास्थ्य कैंप भी लगाया जाएगा एवं सदर अस्पताल को हाई अलर्ट पर रखा गया है, ताकि कोई भी कांवरीय भक्त का तबियत खराब हो तो तुरंत उनका इलाज हो पाए। वहीं जिला प्रशासन के द्वारा रांची-पटना मुख्य मार्ग को डायवर्ट भी किया गया है। सभी छोटे बड़े वाहनों को लोकई के रास्ते बाघीटांड मार्ग से डायवर्ट किया गया है, जहां से सभी वाहन जाम में न फंसे और आवागमन सुगमता पूर्वक हो सके।

## मोदी बर्णवाल महिला समिति ने मनाया सावन महोत्सव, जमकर झुमे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मोदी बर्णवाल महिला समिति झुमरीतिलैया द्वारा रविवार को राजगढ़िया रोड स्थित मोदी धर्मशाला में सावन मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अहिवरन जी व स्व.विश्वनाथ मोदी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमनघ करते हुए द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मंच पर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश वैश्य महासभा महिला समिति अध्यक्ष सुषमा सुमन, जिला महिला समिति संरक्षक मंजू बर्णवाल, सुनिता बर्णवाल, शारदा मोदी मंचासीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला जिलाध्यक्ष लक्ष्मी मोदी व मंच संचालन फुल कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं बर्णवाल महिला समुह ने एकल नृत्य व ग्रुप नृत्य के अलावा सावन के अवसर पर गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मनमुग्ध कर दिया। वहीं लक्ष्मी देवी ने पुरुष के भेष में हम तो मोहब्बत करेगा..तेल मालिश.. गाने पर नृत्य प्रस्तुत करते हुए उपस्थित सभी महिलाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। महोत्सव में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता आयोजित कर कार्यक्रम को मनोरंजक बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान छोटी छोटी बच्चियों ने सुन्दर सुसज्जित झुले का आनन्द लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाएं श्रावणी झुला महोत्सव के शुभ अवसर पर पुरे श्रृंगार के साथ हरे रंग की



साड़ियां, हरे कलर की चुड़ियां एवं अन्य पहनावे के साथ शामिल हुई। ताइक्कांडो का प्रदर्शन : महिलाओं के संग समाज की बच्चियों ने भी ताइक्कांडो एक्शन का प्रदर्शन कर सबों को आश्चर्यचकित कर दिया। जिसमें बच्चियों ने फाइट कर यह संदेश दिया कि हम सशक्त बन खुद की रक्षा कर सकते हैं। ताइक्कांडो प्रदर्शन में अमोली मोदी, पलक, रक्षित व रचिता राज शामिल थी। वहीं मुख्य अतिथि सुषमा सुमन ने कहा कि समाज की महिलाओं का एक साथ एकत्रित होने का उद्देश्य मोदी बर्णवाल संगठन को मजबूत करना भी है, ताकि समाज का सर्वांगीण विकास किया जा सके, जिससे हमारे समाज की माता बहनें सशक्त हो और हर संकट में डटकर सामना कर सके। मौके पर लक्ष्मी मोदी, कंचन लता देवी, पुष्पा देवी, संगीता देवी, सुमन कुमारी, अर्चना देवी, रेणु बर्णवाल, रीना देवी, सीमा, पुष्पा देवी, आशा देवी, पुनम मोदी, सरिता देवी, मधु कुमारी, राखी देवी, रिंकी, सुमन बर्णवाल, मनीषा मोदी, कंचन बाला, प्रियंका बर्णवाल, अनुराधा, रितु, अदिति, प्रेरणा, सीमा बर्णवाल, प्रीति बर्णवाल, ज्योति, काजल देवी, मुनी देवी, कविता, संगीता, प्रिती मोदी, मुन्नी देवी के अलावा सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया और कार्यक्रम के साथ साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

### डॉ.नीरा यादव ने किया कोडरमा नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष पार्क का शिलान्यास

**कोडरमा।** विधायक डॉ.नीरा यादव ने रविवार को कोडरमा नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष पार्क निर्माण का पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ कर विधि विधान से फीता काट कर शिलान्यास किया एवं उपस्थित लोगों में मिठाईयां बांटी। बताते चलें कि यह पार्क योजना पंद्रह लाख छब्बीस हजार दो सौ अस्सी रुपए की लागत से बनने वाली है, जिसमे भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा स्थापित होगी। वहीं डॉ.नीरा यादव ने कहा कि नगर मुख्यालय के पास हमारे भगवान बिरसा जी की प्रतिमा का होना आवश्यक था। अब उनके प्रतिमा अधिस्थापन से उनके आदर्शों, उनके कीर्ति और उनके बलिदानों को याद करेंगे, हमे हरेक क्षेत्रों में विकास करने की जरूरत है। मौके पर प्रदुम्न कुमार, विनोद कुमार मुन्ना, संजीव यादव, दिवाकर कुमार, नरेंद्र सिंह, सचिन यादव, धीरज तिवारी, विकास पासवान, राहुल यादव, कुलशेखर यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ को लेकर जिले में शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ जिले के हर महिलाएं व बहनें को मिले इसे लेकर लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है और ऑफलाइन मोड पर आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। बताते चलें कि जिले के हर महिलाएं व बहनें को योजना का लाभ दिलाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत सचिव व सेविका, सहायिका के साथ बैठक किया। वहीं उन्होंने कहा कि जिले के हर महिलाएंव बहनें को योजना का लाभ मिल सके। वहीं उपायुक्त ने बताया कि आवेदिका को झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए शिविर में उपस्थित होकर फोटो खिंचवाने एवं आधार वेरिफिकेशन करवाने की कोई आवश्यकता नहीं है। पूर्ण रुप से भरा हुआ आवेदन वे अपने आंगनबाड़ी केन्द्र या पंचायत, हल्का में जमा करा सकती हैं, जिसे प्रखण्ड, अंचल द्वारा ऑनलाइन कराकर उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा। वहीं उपायुक्त ने सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी केन्द्रों सेविका सहायिका को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शत-प्रतिशत महिलाएं व बहनें को आवेदन जमा कराने हेतु आवश्यक निदेश दिया एवं कहा कि आवेदन जमा करने में आ रही त्रुटियों को अपने उच्च पदाधिकारी से संपर्क करें। मिले इसमें आप लोगों की सहभागिता अहम है। अपने अपने क्षेत्र के सभी महिलाएं बहनें का आवेदन करायें, ताकि सभी को

### महिलाओं में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर उत्साह

**चतरा।** झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली 1 हजार की राशि को पाने के लिए महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। जिले भर में महिलाएं फॉर्म भर रही हैं। महिलाओं का कहना है कि यह सरकार की बेहतर योजना है, लेकिन इसे और पहले शुरू किया जाना चाहिए था। महिलाओं ने कहा कि अगर उन्हें योजना का लाभ मिलता है तो यह उनके लिए बहुत बड़ी सहायता होगी। वे गरीब हैं और उनके लिए एक-एक पैसा काफी मायने रखता है। ऐसे में सरकार की ओर से प्रतिमा 1 हजार की दर से साल भर में 12 हजार देने की यह योजना महिलाओं के लिए फायदेमंद साबित होगी। हालांकि, कुछ महिलाओं में असंतोष है कि यह योजना काफी विलंब से शुरू हुई। अगर इसे सरकार के आते ही शुरू कर दिया गया होता तो उन्हें अब तक काफी लाभ मिल जाता।




### मेघातरी पंचायत में कबड्डी खेल कर मनाया अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

**कोडरमा।** प्रखंड के मेघातरी पंचायत में लीड्स और लेक गार्डन के संयुक्त प्रयास से मेघातरी पंचायत के कुशाहना गांव में युवाओं के बीच ग्राम स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुशाहना, करहरिया, विशुनीटिकर, एकतरवा, रिजर्व फॉरेस्ट और डुमरियाटांड़ के युवाओं के टीम ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मेघातरी के मुखिया शिला देवी, शिक्षक जितेंद्र कुमार, दामोदर कुमार, मो.मुबारक व कई ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में लेक गार्डन के नवनीत कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं के सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए पूरे विश्व में मनाया जाता है। हम युवाओं की जिम्मेदारी है कि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखें, जिससे हम आने वाली पीढ़ी को एक प्रदूषण मुक्त पर्यावरण दे सकें। वहीं लीड्स के दीपक कुमार ने कहा कि लिंग भेदभाव को दूर करने के लिए हम आज लड़कों का नहीं बल्कि लड़कियों का कबड्डी मैच करवाएंगे, जिसमें लड़की ही इस मैच को जीतेंगे। प्रतियोगिता के फाइनल में करहरिया और डुमरियाटांड की लड़कियां पहुंचीं। एक जबरदस्त मुकाबले में डुमरियाटांड़ की लड़कियां कबड्डी का फाइनल जीतीं। कार्यक्रम के सम्मान समारोह में मेघातारी पंचायत की मुखिया ने कहा कि मनुष्य के जीवन में खेलना अत्यंत आवश्यक है। हार जीत तो चलता रहता है। पुरस्कार वितरण में पुरस्कार के साथ-साथ सभी सदस्यों को पेड़ भी वितरित किया गया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि सभी को पेड़ लगाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जुली कुमारी, नेहा कुमारी, रामचंद्र कुमार, उमेश कुमार, भुनेश्वर कुमार का अहम योगदान रहा।

स्पीड न्यूज



## साढ़े तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाला वैन ड्राइवर गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** 10 अगस्त को मानगो थाना अंतर्गत एक नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी चालक जयश्री तिवारी को घटना में प्रयुक्त स्कूल वैन के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। यह जानकारी सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। जयश्री तिवारी रोज बच्ची को स्कूल ले जाता था और लौटते वक्त उसके साथ दुष्कर्म करता था जिसकी शिकायत बच्ची ने अपनी मां से की थी। बच्ची की मां ने इसकी जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दी। विकास ने तुरंत इस मामले को एसपी की नजर में लाया और ड्राइवर को गिरफ्तार कराया।

## झूठी फायरिंग के मामले में शादाब और आलिम गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** ओलीडीह थाना अंतर्गत आजाद बस्ती मुस्लिम कब्रिस्तान रोड नं0-14 में घटित गोली कांड संख्या-222/24 का पुलिस उपाधीक्षक पटमदा ने उद्भेदन करते हुए 02 अपराधियों क्रमशः मो शादाब और आलिम हुसैन को एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस एवं एक वाहन के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि गोलीकांड की जांच की गई तो पता चला कि मो. शादाब जमीन का खरीद-बिक्री करता है। उस पर काफी कर्ज हो गया है उससे बचने के लिए अपने ही कार पर आलिम से फायरिंग करवा ली। गोली से कार के शीशे में छेद हो गया। छापेमारी दल में ओलीडीह के थाना प्रभारी अमित कुमार, एएसआई हरि महतो, रवि होनहागा, विवेक पाल आदि शामिल थे।

## साकची के दो घरों से गैस सिलेंडर की चोरी

**जमशेदपुर।** साकची थाना अंतर्गत बाराद्वारी स्तिथ टाटा स्टील के दो क्वार्टर में 8 अगस्त को कुल तीन गैस सिलेंडर की चोरी हो गयी। चोरी की घटना से सहमे हुए टी आर एफ कंपनी के में कार्यरत संजीत सिंह थाने में मुकदमा दर्ज नहीं होने पर भाजपा नेता विकास सिंह को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 8 जुलाई को प्रातः 3 बजे कुछ हल्की आवाज आने पर उनकी नींद खुल गई और वें बिस्तर से उठकर पीछे आंगन की ओर गये तो देखा रसोई घर में रख दो भरा हुआ गैस सिलेंडर गायब है। सूचना दूरभाष से पड़ोसी संजय सिंह को दी। संजय अपने रसोई घर में जाकर सिलेंडर देखा तो उनका भी सिलेंडर मौके से गायब था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जन जागरूकता से पोलियो की तरह थैलेसीमिया का भी उन्मूलन संभव : अनन्य मित्तल

- डीसी ने 'मेगा थैलेसीमिया जागरूकता' कार्यक्रम को किया संबोधित
- विशेषज्ञों, चिकित्सकों एवं थैलेसीमिया सोसायटी सदस्यों ने भी किया संबोधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** केरला पब्लिक स्कूल, कदमा के सभागार में मेगा थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, पूर्वी सिंहभूम एवं थैलेसीमिया सोसायटी, जमशेदपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल डीसी अनन्य मित्तल एवम अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। मेगा जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य थैलेसीमिया जैसी आनुवंशिक रोग के कारण एवं उससे बचाव के उपायों पर चर्चा करते हुए युवाओं को शिक्षित और सशक्त बनाना रहा, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है। यह आयोजन थैलेसीमिया के कारणों को शीघ्र पता लगाने और रोकथाम के महत्व की गहरी समझ को बढ़ावा देने का प्रयास था।

डीसी ने अपने सम्बोधन में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता लाने पर बल देते हुए कहा कि इस अनुवांशिक रोग से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। उन्होंने थैलेसीमिया सोसायटी, जमशेदपुर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी बनती है कि आप जिस भी कार्यस्थल या क्षेत्र में काम कर रहे हों, अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हुए थैलेसीमिया के बारे में लोगों को जागरूक करें, पोलियो की तरह ही इस रोग का समूल उन्मूलन किया जा सकता है। उन्होंने थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता लाने के इस मुहिम में स्वयंसेवकों के कार्यों की भी सराहना की और उनकी निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।



जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन करते उपायुक्त अनन्य मित्तल। साथ में शरत चंद्रन व अन्य।

थैलेसीमिया एक रक्त विकार है जो परिवारों (वंशानुगत) से गुजरता है जिसमें शरीर असामान्य रूप या अपर्याप्त मात्रा में हीमोग्लोबिन बनाता है। हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में प्रोटीन है जो ऑक्सीजन ले जाता है। विकार के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लाल रक्त कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं, जिससे एनीमिया होता है।

कार्यक्रम में थैलेसीमिया सोसायटी, जमशेदपुर के श्री शरत चंद्रन, सुनील मुखर्जी व अन्य, जमशेदपुर ब्लड बैंक के डॉ संजय चौधरी समेत अन्य ने भी सम्बोधित किया तथा स्वस्थ भविष्य को आकार देने में जागरूकता की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने व्यक्तव्य रखे। डॉ. अमित मुखर्जी ने थैलेसीमिया के चिकित्सा आयामों और प्रयास को लेकर जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में जमशेदपुर स्थित निजी और सरकारी स्कूलों के प्राचार्य, कॉरपोरेट घराने, स्कूल के बच्चे, चैंबर, रोटरी व लायंस क्लब के प्रतिनिधि, चिकित्सा क्षेत्र के प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए।

थैलेसीमिया सोसाइटी ऑफ जमशेदपुर, एक स्वैच्छिक निकाय का गठन किया गया है। थैलेसीमिया से पीड़ित रोगियों की पहचान करना, समय पर रक्त उपलब्धता सुनिश्चित करना, माता-पिता और अभिभावकों के बीच जागरूकता बढ़ाना, नए मामलों की घटनाओं को रोकने के लिए सक्रिय उपायों को लागू करना, विवाह के लिए पंजीकरण करते समय पूर्व-गभार्धान परीक्षण की पुष्टि करना आदि शामिल है।

थैलेसीमिया सोसाइटी ऑफ जमशेदपुर कोर टीम का नेतृत्व अध्यक्ष शरत चंद्रन, केरल पब्लिक ग्रुप ऑफ स्कूल के निदेशक, टाटा स्टील के इंद्रजीत पॉल, रोटरी क्लब के डॉ. अमित चटर्जी, लायंस इंटरनेशनल के पूर्व जिला गवर्नर और विकलांगता प्रबंधन पर राज्य टास्क फोर्स के सदस्य रजनीश कुमार, जमशेदपुर ब्लड बैंक के महाप्रबंधक संजय चौधरी, होटल व्यवसायी और उद्योगपति स्मिता राज पारीख और स्वैच्छिक रक्तदाता संघ के अध्यक्ष सुनील मुखर्जी, त्रिपुरा में इस पर काम कर रहे जितेश कुमार हैं। उपायुक्त ने थैलेसीमिया सोसायटी के सदस्यों को जिला प्रशासन की ओर से परस्पर सहयोग हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, समाज कल्याण, जनसंपर्क, विवाह ब्यूरो के जिला अधिकारियों की एक जिला कोर टीम का गठन किया गया।

### आवासीय विद्यालय की कक्षा में पंखे और बल्ब तक नहीं, किचन भी बहुत गंदा मिला

# औचक निरीक्षण में अव्यवस्था देख डीसी ने प्रिंसिपल एवं वार्डन को किया शो कॉज

- हेरिटेज विलेज, चेंगजोड़ा का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की ली जानकारी ली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा घाटशिला प्रखंड के ऊपर पावड़ा स्थित राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होने भवनों की स्थिति, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने क्लास रूम, प्ले ग्राउंड, किचेन, छात्रावास, स्टोर रूम, कंप्यूटर लैब, शौचालय आदि का निरीक्षण किया।







विद्यालय का औचक निरीक्षण कर निकलते डीसी अनन्य मित्तल।

निरीक्षण के दौरान कई क्लास रूम में पंखा और बल्ब नहीं पाये जाने, शौचालय व किचेन में गंदगी, प्लेग्राउंड के उचित रखरखाव का अभाव तथा अन्य व्यवस्थाओं में कमियों पर विद्यालय के प्रिंसिपल एवं वार्डन को कार्यशैली में सुधार लाने तथा सात दिनों के अंदर आवश्यक कदम नहीं उठाये जाने पर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिये। साथ ही दोनों को शो कॉज किया गया। उन्होने प्रिंसिपल एवं वार्डन को सभी मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने, मेन्यू अनुसार बच्चों को पोषाहार, परिसर की साफ-सफाई, पौधरोपण करने तथा अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का निर्देश दिया।

डीसी द्वारा परियोजना निदेशक आईटीडीए एवं जिला कल्याण पदाधिकारी को क्षेत्र भ्रमण के क्रम में सभी आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण किए जाने तथा एसडीओ, बीडीओ एवं सीओ को भी अपने पोषक क्षेत्र के आवासीय विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किये जाने का निर्देश दिया गया।

क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने हेरिटेड विलेज, चेंगजोड़ा का भी जायजा लिया। निर्माण कार्य पर उन्होने संतुष्टि जाहिर की तथा पर्यटन को बढ़ावा देने एवं पर्यटकों की सुविधा के दृष्टिकोण से हेरिटेज विलेज का उचित रखरखाव, बेहतर संचालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र गुप्ता, एसडीओ घाटशिला सच्चिदांनद महतो, बीडीओ, सीओ, एसडीपीओ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा को पंचामृत से कराया गया स्नान

- खेलने, कूदने और पढ़ने की उम्र में देश के लिए चूमा फांसी का फंदा : विकास सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अमर शहीद खुदीराम बोस का शहादत दिवस मानगो गोल चक्कर में अमर शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा स्थल पर धूमधाम से मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विकास सिंह ने सैकड़ो लोगों के साथ प्रतिमा स्थल पर जाकर अमर शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा को दूध, दही, गंगाजल, शहद और घी से शाही स्नान कराया। खुदीराम बोस अमर रहे के गगन भेदी नारों के बीच उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन समर्पित किया गया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा कि भारत में अनेकों वीर पुरुष हुए जिनकी बदौलत भारत को आजादी मिली लेकिन अमर शहीद खुदीराम बोस वैसे वीर शहीद हैं जिन्होंने पढ़ने, लिखने और खेलने के उम्र में हंसते-हंसते फांसी के फंदे को मात्र 17 वर्ष की उम्र में चूम लिया। ऐसे बलिदानी की कथा सुनने से रोंगटे खड़े हो जाते हैं।



## यादव समाज को सामुदायिक भवन देंगे मंत्री बन्ना गुप्ता, किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** यादव समाज के लोगों की सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक सामुदायिक भवन की बहुत पुरानी मांग थी,जिसे देखते हुए स्वास्थ्य एवं खाद आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने रविवार को यादव समाज के लिए सोनारी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु यादव समाज के गणमान्य लोगों के साथ भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर पूरे विधि विधान से नारियल फोड़ कर शिलापट्ट का अनावरण कर भूमि पूजन किया।



यादव भवन का शिलान्यास करते मंत्री बन्ना गुप्ता व समाज के लोग।

इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। यादव समाज के विकास, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कोई सामुदायिक भवन नहीं था। चुनाव के दौरान यादव समाज के लोगों से किया हुआ वादा आज पूरा कर रही हूं।

## कांवर यात्रा में भूत प्रेत की झांकी रही आकर्षण का केंद्र, लगे बोलबम और हर-हर महादेव के जयकारे

- साकची बाजार शिव मंदिर कमेटी ने निकाली भव्य कांवर यात्रा
- कांवर यात्रा में शामिल हुए 1000 से अधिक श्रद्धालु

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सावन माह में रविवार की सुबह साकची बाजार श्री शिव मंदिर कमिटी द्वारा निकाली गयी विशाल कांवड यात्रा में 1000 से अधिक कावड़ियों ने संकल्प के साथ भाग लिया। इस धार्मिक कार्यक्रम में स्वर्णरिखा नदी मानगो से जल उठाकर ढाई किलोमीटर की यात्रा तय कर श्री श्री साकची शिव मंदिर पहुँचकर सभी भक्तों ने कतारबद्ध होकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस कांवड यात्रा में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पत्नी सुधा गुप्ता संग अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्वर्णरिखा नदी पर सुधा-बन्ना गुप्ता ने संकल्प पूजा की और पंडित मोहन लाल शर्मा के नेतृत्व में पांच पंडितों ने विधिवत पूजा अर्चना करायी।





कांवरियों को रवाना करते मंत्री बन्ना गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी सुधा जी तथा कांवर यात्रा में भगवान शिव और पार्वती की झांकी का दृश्य।

## कोल्हान डीआइजी आज होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम का करेंगे शुभारंभ

- सरायकेला जिले के लिए पर्यटन पुलिस नोडल अधिकारी की नियुक्ति की घोषणा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सरायकेला खरसावां, 12 अगस्त 2024 – सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, कोल्हान के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मनोज रतन चौथे आईपीएस व सरायकेला खरसावां के एसपी मुकेश कुमार लुनायत आईपीएस 12 अगस्त को सरायकेला के होटल क्रूज में होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम का उद्घाटन करेंगे। जमशेदपुर होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन (जेएचआरए) और सरायकेला जिला पुलिस के बीच यह संयुक्त पहल झारखंड में कानून प्रवर्तन के लिए तकनीक के उपयोग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दशार्ती है।

जेएचआरए ने पहले जमशेदपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से होटल मेहमानों के लिए पुलिस सत्यापन प्रक्रिया को सरल बनाने का अनुरोध किया था। मौजूदा प्रणाली बोझिल थी।

## पूरे झारखंड में शिक्षा व्यवस्था बदहाल, शिक्षकों की घोर कमी : शमसूल आलम

- एआइडीएसओ का दो दिवसीय जिला सम्मेलन प्रतिनिधि सत्र के साथ संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 11 अगस्त को शहीद खुदीराम बोस के शहादत दिवस पर छात्र संगठन एआईडीएसओ का 8वां जिला सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मानगो चौक स्थित शहीद खुदीराम बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण कर हुआ। तत्पश्चात प्रतिनिधि सत्र मानगो गुरुद्वारा हाल में संपन्न हुआ। प्रतिनिधि सत्र का शुरुआत में शहीद बिरसा मुंडा की 125 वीं शहादत दिवस एवं 150वीं जयंती पर शहीद बिरसा मुंडा की पुस्तक का विमोचन किया गया। सम्मेलन में राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपक कुमार साव ने की और कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव सोनी सेनगुप्ता ने किया।







कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एआईडीएसओ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य शमशुल आलम ने कहा कि पूरे झारखंड में शिक्षा व्यवस्था बदहाल स्थिति पर है। सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षकों का घोर अभाव है। पठन-पाठन की प्रक्रिया पूरी तरह बाधित है। दूसरे तरफ निजी स्कूलों में मनमानी फीस वसूली हो रही है,मध्यम वर्ग एवं गरीब परिवार के छात्र शिक्षा से वंचित रह जा रहे हैं। कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में सत्र विलंब से चल रहे हैं। ऐसी स्थिति में झारखंड में शिक्षा के पूर्ण रूप से निजीकरण और व्यवसायीकरण की नीति नई शिक्षा नीति को लागू किया जा रहा है जिसके तहत कॉलेज में इंटर की पढ़ाई बंद हो रही है और अफरा तफरी में कुछ सरकारी स्कूलों में प्लस टू की पढ़ाई शिक्षकों और पर्याप्त संसाधनों के अभाव में ही शुरू कर दिया गया है। कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत अभी तक जेनरिक पेपर की परीक्षा नहीं ली गई है,जिसके कारण कई विद्यार्थी नियुक्तियों की परीक्षा में शामिल नहीं हो पा रहे हैं।

### एक नजर में

## आनंदमार्ग ने पटमदा की 150 महिलाओं में बांटी साड़ी



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल जमशेदपुर की ओर से आनंद मार्ग ने पटमदा के रांगाटांड़ गांव में लगभग 150 साड़ी वितरित किया। साड़ी वितरण के पश्चात गांव के लोगों को भक्ति भाव के विषय में बताते हुए सुनील आनंद ने कहा कि अभी खेती का समय है सावन का महीना है सुबह खेत में जाने के पहले 5 मिनट भी कम से कम हरि का कीर्तन करके अपने काम पर जाना चाहिए। हरि का नाम लेकर एवं भाव को लेकर कोई भी कार्य की शुरुआत करने से सफल होता है और कार्य में तामसिकता नहीं रहती। कीर्तन एक उच्चतम और श्रेष्ठतम भावनात्मक अभ्यास है जो हमें अशांति, तनाव और चिंता से मुक्ति दिलाता है। कीर्तन हमें ईश्वर के साथ गहरे संबंध बनाने और अपने आन्तरिक शक्ति को प्रकट करने में सहायता करता है।

## सहारा गार्डन सिटी, आदित्यपुर में भूमि पूजन संपन्न



**आदित्यपुर।** सहारा गार्डन सिटी दुर्गा पूजा समिति, आदित्यपुर ने सुबह 11 बजे दुर्गा पूजा का भूमि पूजन किया, जिसमें काफी संख्या में सहारा वासी उपस्थित हुए। पंडित तारा बनर्जी और यजमान प्रमोद कुमार ने पूजा संपन्न किया। पूजा के बाद सभी क्लब हाउस में बैठे और प्रसाद ग्रहण कर घर लौटे। मुख्य संरक्षक शशांक गांगुली के अलावा संरक्षक उषा देवी, मुन्ना दुबे, रमाशंकर सिंह एवं मनीकांत झा, अध्यक्ष एसके चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव रंजन एवं सौरभ भट्टाचार्जी, महासचिव प्रशांत कांत, सचिव अरविंद कुमार सिंह एवं राकेश रंजन, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं बी दास, ऑडिटर द्वारिका नाथ तथा समन्वयक के रूप में पीएन पांडे, अरविंद दुबे, रितेश शर्मा, प्रभाकर कुमार, जीडी ओझा तथा काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। ज्ञात हो कि सहारा गार्डन सिटी में काफी धूमधाम से पूजा मनायी जाती है जिसमें सोसाइटी की महिलाएं और बच्चों के प्रोग्राम के अलावा बाहर के कलाकार भी कार्यक्रम करते हैं। इस बार समिति श्रद्धा दास को लाने की तैयारी में है। जानकारी प्रशांत कांत, राजीव रंजन और सौरभ भट्टाचार्जी ने दी।

## भाजपा उलीडीह मंडल और मानगो मंडल के सदस्यों ने किया खुदीराम बोस को नमन



**जमशेदपुर।** भारत की आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले एक महान स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद बालक खुदीराम बोस के शहादत दिवस पर भाजपा मानगो मंडल एवं उलीडीह मंडल ने शहीद खुदीराम बोस चौक मानगो स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सभी भाजपा कार्यकर्तागण अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद खुदी राम बोस चौक मानगो में उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया एवं उनके जीवन पर चलने की ओर मातृत्व प्रेम को अपने जीवन में आत्मसाध करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में भाजपा उलीडीह मंडल अध्यक्ष रवींद्र सिंह सिसोदिया, भाजपा मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, दिलीप सिंह, संतोष उपाध्याय, मनोज तिवारी, संध्या नंदी, रेणु सिन्हा, राजू प्रजापति, अनिमेष सिन्हा, मुन्ना मोहंती, लाल बाबू, अश्विनी सिंह, प्रसन्नजीत महापात्रा, स्वपन चौधरी उपस्थित थे।

## विधायक सरयू ने दी खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** वीर शहीद खुदीराम बोस की पुणयतिथि पर जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने भारतीय जनतंत्र मोर्चा उलीडीह मंडल एवं मानगो मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ खुदीराम बोस की मानगो चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्री राय ने वीर शहीद खुदीराम बोस के पराक्रम और वीरता का स्मरण करते हुए कहा कि खुदीराम बोस ने बहुत ही कम आयु महज 18 वर्ष में एक वीर योद्धा की भांति संघर्ष के रास्ते पर चल दिया। कोलकाता से आकर मुजफ्फरपुर में स्वदेशी आंदोलन में शामिल हुए। भाजमो उलीडीह मंडल अध्यक्ष प्रेम सक्सेना के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, कुलविंदर सिंह पन्नू, संजीव आचार्य, धर्मेंद्र प्रसाद, प्रवीण सिंह, आकाश शाह, कन्हैया ओझा, राजन राजपूत, संतोष भगत, शेषनाथ पाठक, राघवेंद्र सिंह, मनकेश्वर पांडे, इंदु शेखर सिंह, नीरज साव, अभिजीत सेनापति, अशोक सिंह, योगेंद्र साहू, सागर दत्ता उपस्थित थे।

## बिरसानगर में कांग्रेस के सहयोग से लगा मेडिकल कैंप, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ



**जमशेदपुर।** बिरसानगर मंडल कांग्रेस के अंतर्गत बिरसानगर 1-बी, संत रविदास भवन, हरि मंदिर, दासपाडा में मेगा हेल्थ चेकप कैंप एवं सहायता शिविर का आयोजन जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। जिसमें सर्वजन पेंशन योजना के तहत 146 जरूरतमंद लोगों का फॉर्म भरा गया साथ ही सर्वजन पेंशन के अंतर्गत समाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन भरवाने वालों की तादाद काफी संख्या में रही।

## स्पीड न्यूज

### वज्रपात से एक की मौत

**नावा बाजार, पलामू।** रविवार शाम नावा बाजार थाना क्षेत्र के धगरडीहा में खेत में काम कर रहे चुकुन भुइयां (48) की वज्रपात से मौत हो गयी। अत्यंत गरीब परिवार के चुकुन भुइयां दूसरे किसान की खेत में काम कर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है।

### देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार



**पाटन पलामू।** पाटन पुलिस ने देसी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसमें पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिक्की कला निवासी संतोष सिंह उर्फ. सोहराय पिता देवी सिंह का नाम शामिल है। पाटन पुलिस ने बताया कि कांड में संलिप्त सभी अभियुक्त के विरुद्ध पाटन थाना में आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किया गया। गिरफ़्तार अभियुक्त को पुलिस ने जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक पर हथियार रखने का आरोप है।

### पुलिस ने जिला में चलाया समकालीन अभियान नौ अपराधी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पुलिस निरीक्षक के निर्देश पर पलामू पुलिस ने जिले में रात्रि में समकालीन अभियान चलाया। इस अभियान में विभिन्न थाना क्षेत्रों में विभिन्न अपराधों के मामले में कुल नौ वारंटी/ अपराधियों को गिरफ्तर कर न्यायिक हिरासत में भेज गया। जिसमें सदर प्रखंड में पोखराहा खुर्द के विशाल भुईयां पिता रमेश भुइयां, रामगढ़ में बभंडी निवासी अब्दुल्ला अंसारी पिता इलाही मियां, पाटन में सिक्की कला के संतोष कुमार सिंह पिता देवी सिंह, हैदरनगर में पंसा के अरबिंद सिंह पिता स्व हरिनारायण सिंह, अजीत सिंह पिता स्व हरिनारायण सिंह, मोहम्मदगंज में बिचलाडीह टोला के सोनू कुमार पिता अनिल रजवार, पिपरा में औरंगाबाद जिला के बानाडीह निवासी अभिषक सिंह उर्फ गोलू सिंह पिता महेंद्र सिंह, हरिहरगंज में रजवार निवासी विकास भुइयां पिता नंदु भुइयां, पिपराटांड में नोडीहा बहेरा निवासी इब्राहिम गोड़ पिता स्व हनीफ गोड़ का नाम शामिल है।

### उत्सव की तरह मनाया गया हेमंत सोरेन का जन्म दिन : राजेंद्र सिन्हा



**मेदिनीनगर।** झामुमो जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 49वां जन्मोत्सव जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में मनाया गया। मौके पर केक काटा गया। उपस्थित लोगों ने हेमंत सोरेन को दीर्घायु होने की कामना की। मौके पर झामुमो अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि हेमंत सोरेन को जेल जाने के बाद हमसभी कार्यकर्ताओं मे मायूसी छायी थी। इस कारण किसी भी पर्व उत्सव नहीं मनाया गया। आज सीएम का जन्म दिन उत्सव के रूप में मना रहे हैं। हेमंत सोरेन ने झारखंडवासियों के लिए कई सम्मान योजना को लागू किया है जिसमें मईयां सम्मान योजना महिलाओं के लिए काफी लाभप्रद है। मौके पर सचिव सन्नू सिद्दिकी, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, उपाध्यक्ष असफर रब्बानी, केंद्रीय समिति सदस्य चंदन सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी, राकेश सिन्हा, कमाल खान संगठन सचिव अनुराग प्रताप सिंह, चंदन सिन्हा, नवीन सिन्हा, प्रदीप सिंह, अमित सिन्हा, कलाम नेता, अखिलेश सिंह शामिल थे।

### विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जायें सभी कार्यकर्ता : सुधा चौधरी



**मेदिनीनगर/पाटन।** जदयू ने पाटन प्रखंड के केल्हार गांव में बैठक किया। बैठक में स्थानीय समस्याओं समेत झारखंड विधानसभा चुनाव पर चर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित लोगों ने अपने क्षेत्र की समस्या को रखा। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि पर उपेक्षा व भेदभाव का आरोप लगाया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह पाटन छतरपुर विस क्षेत्र के पूर्व विधायक सुधा चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि मेरे कार्यकाल में जो कार्य किये गये थे उसका लाभ स्थानीय जनता को मिल रहा है। लेकिन लोगों को निराश होने की जरूरत नहीं है। लोग समय को पहचानें अपने अवसर को हाथ से न जाने दें। कारण कि विधानसभा चुनाव काफी नजदीक आ चुका है। इसकी तैयारी में लोग लग जायें। पंचायत स्तर के सभी बूथों को मजबूत करते हुए कार्यकर्ता चुनाव जीतने की योजना बनायें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही नेता की बहमूल्य पूंजी होते हैं। इसलिए तन मन से लगकर चुनाव को जीतने की योजना पर काम करें। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दूबे ने की । बैठक में अवध किशोर सिंह, अरूण प्रसाद, राष्ट्रपति प्रजापति, चिंटु मेहता, अनिल साहु, मेघनाथ मिस्त्री, देवेंद्र प्रसाद, कृष्णा सिंह समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### मारवाड़ी युवा मंच ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच ने श्रावणी मेला एवं छात्रों की सफलता को पुरस्कार देने हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला जज आशुतोष खेतान थे। सीए में (एआईआर 48) लाने वाले सौरभ दारुका, पलामू कॉमर्स टॉपर मेघा लाठ, डीएवी स्कूल अकाउंट टॉपर मांशी कामदार, जैसे लगभग 18 बच्चों को सीए, बीटेक, आईआईटी, एमएस, 10वीं–12वीं जैसी कई परीक्षा में सफलता पायी है। कार्यक्रम के संयोजक गिरधारी गर्ग ने बताया कि मंच द्वारा इस तरह के कार्यक्रम करने का मुख्य उदेश्य सिर्फ सफला प्राप्त छात्रों को सम्मानित करना नहीं है बल्कि ऐसे कार्यक्रम से मंच सभी छात्रों को प्रोत्साहित भी करना चाहता है।

# तिरंगा देश की शान : अरुणा शंकर

- प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने हर घर तिरंगा वितरण कार्यक्रम का गाजे बाजे के साथ किया शुभारंभ




हर घर तिरंगा अभियान के दौरान तिरंगा वितरण करतीं प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रविवार को सतबरवा एवं पोलपोल से हर घर तिरंगा वितरण का कार्यक्रम गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ किया। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के आह्वान पर हम भाजपा के सिपाही एक-एक घर तिरंगा वितरण का कार्य कर रहे हैं ताकि हमारे देश की शान तिरंगा हर घर में लहरा सके। उन्होंने कहा कि तिरंगा वितरण कार्यक्रम में लोगों में काफी उत्साह है। बड़े, बूढ़े, युवा, महिलाएं इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग ले रही हैं। प्रथम महापौर ने स्वयं सतबरवा एवं पोलपोल पूरे बाजार घूम-घूम कर तिरंगा वितरण किया। मौके पर सतबरवा में मनीष कुमार, आशीष सिन्हा, संदीप कुमार, अरुण कुमार, सुनील विश्वकर्मा, अशोक राम, विपिन उपाध्याय, नितिन कुमार, सतीश सिंह, संजय लाल, अनिल राम, प्रीति गुप्ता, संगीता गुप्ता तिरंगा वितरण में सहयोग कर रही थी। वहीं पोलपोल में उमेश कुमार गुप्ता, रमेश लाल, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, रघुवीर सिंह, अजय लाल समेत कई लोगों ने सहयोग किया।

### उत्पाद विभाग ने अवैध महुआ शराब के विरूद्ध चलाया अभियान

# बड़े पैमाने पर संचालित शराब भट्ठी जब्त, जावा महुआ व शराब बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



सघन छापामारी अभियान चलाती पुलिस व बरामद शराब (नीचे)।



**हरिहरगंज पलामू।** उपायुक्त के निर्देश पर अधीक्षक उत्पाद पलामू ने जिले में संचालित हो रहे अवैध महुआ शराब के विरूद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भांवर व मंगरदाहा में रविवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़े पैमाने पर संचालित शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया। वहीं शराब भट्ठी से 14 हजार किलोग्राम जावा महुआ व 420 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। इस अभियान में पथरा पिकेट व हरिहरगंज थाना पुलिस शामिल थी। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक अमित कुमार सिंह, पथरा पिकेट प्रभारी मंटू कुमार एवं अन्य पुलिस बल शामिल थे।

### अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ छतरपुर में छापेमारी

# अवैध रूप से चिप्स पत्थर ले जा रहे चार हाइवा जब्त, प्राथमिकी

- थाना प्रभारी व खान निरीक्षक के नेतृत्व में छापेमारी
- अवैध कारोबारियों के खिलाफ दर्ज होगी प्राथमिकी
- अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ होगी कार्रवाई : आनंद कुमार



हाइवा को जब्त करते अधिकारी-पदाधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**छतरपुर पलामू।** अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में छतरपुर मे शनिवार की रात्रि थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, खान निरीक्षक हरेंद्र गुप्ता एवं शुभम कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान अवैध रूप से चिप्स पत्थर ले जा रहे चार हाइवा को जब्त किया गया एवं अवैध कारोबार में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई आरंभ कर दी गई। उपायुक्त शशि रंजन के द्वारा पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण नहीं हो जिसको लेकर छतरपुर में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद एवं खान निरीक्षक हरेंद्र गुप्ता एवं शुभम कुमार के नेतृत्व में शनिवार को रात्रि 8:00 बजे छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान छतरपुर मैं चार हाइवा को चिप्स एवं पत्थर ले जाते पाया गया, इसके बाद थाना प्रभारी एवं खान निरीक्षक के द्वारा चालक से कागजात की मांग की गई, परंतु चालक द्वारा किसी भी प्रकार की कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसके बाद चिप्स पत्थर समेत हाइवा को जप्त कर लिया गया एवं जांचों उपरांत वाहन चालक वाहन मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज करने को लेकर कार्रवाई की गयी।

# सभी कार्यकर्ता 14 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा लगायें : अमित तिवारी

- भाजपा जिला कार्यालय में बैठक कर नये पदधारी कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित
- बैठक में आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गयी

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम को संबोधित भाजपा के पलामू जिलाध्यक्ष व उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान एवं आगामी कार्यक्रम को लेकर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडे ने किया। बैठक में तय किया गया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 11 से 14 अगस्त तक सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर तिरंगा झंडा फहरायेंगे। विधानसभा स्तर पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाला जायेगा। स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए 12 से 14 अगस्त तक महापुरुषों की प्रतिमाओं और स्मारकों के आसपास स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य न केवल सफाई को बढ़ावा देना है, बल्कि हमारे महान नेताओं के प्रति सम्मान प्रकट करना भी है। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जायेगा। जिसमें विभाजन के समय की त्रासदी और लाखों लोगों की शहादत को याद किया जायेगा। इस मौके पर संगोष्ठी और सम्मेलन आयोजित कर, विभाजन के काले अध्याय को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि जल्द ही भाजपा महिला मोर्चा की ओर से राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन निकालकर समाहरणालय का घेराव किया जायेगा।

# हरिहरगंज और पिपरा में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल प्रखंड समिति का पुनर्गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज और निकटवर्ती पिपरा प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के प्रखंड समिती का संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला प्रवेक्षक के रूप में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री पप्पू सिंह, बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, धर्म प्रसार प्रमुख विनय कुमार शौंडिक, और बजरंग दल जिला सह संयोजक सोनू सिंह, उपस्थित थे। हरिहरगंज प्रखंड समिती में विहिप अध्यक्ष राजेश सौंडिक, मंत्री रिशु गुप्ता, बजरंग दल संयोजक दीपक सोनी, सह संयोजक मनोज सोनी और संतोष कुमार, सुरक्षा प्रमुख पियूष सिंह, सह प्रमुख गोलू सौंडिक, प्रचार प्रसार प्रमुख मुकेश बर्मा, गौ रक्षा प्रमुख लव सिंह, सह प्रमुख नव्य कुमार, साप्ताहिक मिलन प्रमुख सौरभ पाठक, विद्यार्थी प्रमुख पंकज पासवान, सह प्रमुख छोटू कुमार, बालोपासना बिट्टू कुमार आदि थे।

# पवित्रता का बंधन ही है सच्चा रक्षाबंधन : ब्रह्मकुमारी कंचन

खबर मन्त्र संवाददाता

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय सद्भवाना में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के मधुशाला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भवाना भवन में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास मना। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, एनसीपी नेता सह बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डु सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता संजय सिंह, प्रो अजय सिंह, डॉ दयानंद ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीके नीरज भाई तथा मंच के संचालन बीके अरविंद भाई ने की। मुख्य वक्ता बीके कंचन बहन ने राखी के आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए कहा कि यह रक्षा बंधन एक विशाल हृदय व विशुद्ध भवानाओं के धागों से जुड़ा त्योहार है। रक्षाबंधन का त्योहार पवित्रता के बंधन का है।

### संगठन को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे भाजपा कार्यकर्ता : मंडल अध्यक्ष संजय



**पाटन पलामू।** भाजपा के पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एव जिला नेतृत्व ने मुझ पर विश्वास एवं भरोसा जताते हुए पुन: पाटन मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। श्री सिंह ने कहा कि अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारीपूर्वक करेंगे। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं को उचित मान सम्मान देते रहेंगे। पार्टी के लिए अपनी पूरी क्षमता और ऊर्जा के साथ पार्टी संगठन को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। श्री सिंह ने दायित्व देने के लिए भाजपा प्रदेश और जिला नेतृत्व समेत सभी वरिष्ठ भाजपा नेतागण के प्रति आभार जताया है।

### मृतक के परिजन के साथ खड़ा है राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी : अर्जुन पाण्डेय

**मेदिनीनगर।** पांकी से पूर्व विधायक प्रत्याशी युवा कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला के दादी के निधन की सूचना पर राष्ट्रीय परशुराम सेवा युवा वाहिनी के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। रुद्र शुक्ला के नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड अंतर्गत कमलकेडिया गांव पहुंचे श्री पांडेय ने रुद्र शुक्ला के दादा राधा शुक्ला से मुलाकात कर शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाया। मौके पर परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, जिलाध्यक्ष विकास दुबे, लल्लू पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील तिवारी व प्रदीप दुबे, प्रदेश सचिव आशुतोष पांडे उर्फ लक्की पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# रेडक्रॉस सोसाइटी ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के नावाडीह में रविवार को जिला रेडक्रॉस सोसाइटी ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। जिसमें करीब 70 मरीजों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गयी। साथ ही उन्हें दवा भी दी गयी। शिविर में रेड क्रॉस सोसाईटी के सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि संपन्न लोग तो अपना स्वास्थ्य जांच व ईलाज बड़े अस्पतालों में करा लेते हैं लेकिन गरीब लोग ईलाज से वंचित हो जाते हैं। यह शिविर गरीबों के लिए वरदान साबित होगा। कहा कि आगे भी ऐसे शिविर लगेंगे। शिविर में रेडक्रॉस सोसाईटी के सुधीर सिंह कोषाध्यक्ष, विजय कुमार सिन्हा, प्रसेनजीत दास गुप्ता, अरविंद प्रसाद, नावाडीह मुखिया दयानंद प्रसाद, डॉ डी पी केसरी आदि मौजूद थे।

### पांकी : टास्क फोर्स ने अवैध रूप से संचालित तीन क्रशर किया सील

**मेदिनीनगर/ पांकी।** जिले में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शनिवार रात्रि में पांकी के ताल गांव में अवैध रूप से संचालित हो रहे तीन क्रशर को सील कर दिया गया। यह कार्रवाई पांकी सीओ के नेतृत्व में थाना प्रभारी के सहयोग से की गयी। यह कार्रवाई सीओ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हुई। सूचना मिलने के पश्चात जब सीओ जांच के लिये ताल गांव पहुंचे तो पाया कि तीनों क्रशर अवैध रूप से संचालित किये जा रहे हैं।

# सैकड़ों युवा भाजपा में शामिल

- हिसरा बरवाडीह में आजाद सिंह के नेतृत्व में जुटे युवा
- विधायक पुष्पा देवी को पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार की उपस्थिति में दिया बेशर्त समर्थन
- विधानसभा चुनाव को लेकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में अपने विचार रखे

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम हिसरा बरवाडीह में लोगों ने बैठक की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार को लोगों द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में पाटन प्रखंड के लगभग तीस गांव के युवाओं ने भाग लिये।

कार्यक्रम में अध्यक्ष आजाद सिंह ने क्षेत्र की समस्यायों और उपलब्धियों को सिलसिलेवार ढंग से रखा जिसका समर्थन सभी लोगो ने किया। बैठक में ग्रामीण विकास, सरकारी योजनाओं का लोगो तक पहुंच, प्रकृति संरक्षण, लॉ एंड ऑर्डर से लेकर आगामी विधान सभा चुनाव तक की चर्चा हुई।

### संकट मोचन महावीर मंदिर में मंगलवार को आयोजित होगा भक्ति जागरण कार्यक्रम



**नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू।** जिले के लेस्लीगंज में श्री संकट मोचन महावीर मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को शाम में भजन व आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम के एक वर्ष पूर्ण होने पर मंदिर परिसर में मंगलवार को भजन संध्या आरती एव महा प्रसाद वितरण किया जायेगा। साथ ही रात्रि 9 बजे से भव्य भक्ति जागरण किया जायेगा। मंदिर समिति के सदस्य पवन सोनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह होंगे। बताते चलें कि यह कार्यक्रम पिछले एक वर्ष से चलता आ रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि संकट मोचन भगवान हनुमान लोगों के सभी दु:ख और पीड़ा को हरते हैं। भगवान हनुमान की असीम कृपा से सभी लोगों की पीड़ा हरते हैं।

# दिव्यांग बच्चों के बीच सतबरवा में करायी गयी पेंटिंग प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं व अभिभावकगण।

**सतबरवा, पलामू।** बीआरसी कार्यालय सतबरवा में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरिप्रसाद ठाकुर व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सब्या कुमारी के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा के तहत एनवायरनमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत दिव्यांग बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

रिसोर्स शिक्षक अभिषेक कुमार के देखरेख में यह प्रतियोगिता करायी गयी। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 में प्रस्तावित बालिका उच्च विद्यालय के जया परवीन को प्रथम एवं संध्या कुमारी को द्वितीय तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के नीतू बाला कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा 1 से 8 में प्राथमिक विद्यालय नोनिया टोला खामडीह के लक्ष्मी कुमारी प्रथम, मध्य विद्यालय उर्दू के गुलनाज परवीन द्वितीय तथा मध्य विद्यालय दुसाध टोला जमुआ के मारुति नंदन पासवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को रिसोर्स शिक्षक अभिषेक कुमार एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सब्या कुमारी ने पुरस्कार देखकर सम्मानित किया।

मौके पर प्रभारी प्राचार्या विद्या कुमारी शहनाई, प्रभारी प्राचार्या अनीता भेंगरा, सहायक अध्यापक वीरेंद्र कुमार, मो शमीम अंसारी, गुलाम सरवर तथा छात्रा छात्राएं व अभिभावक उपस्थित थे।

# सर्पदंश से हल चला रहे युवक की मौत

- सांप काटने से खेत में हल चला रहे युवक की मौत
- इलाज की जगह युवक को झाड़ फूंक कराना पड़ा महंगा

खबर मन्त्र संवाददाता



शव के पास बिलखते परिजन और मृतक राजेंद्र उरांव (इनसेट)।

**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ पंचायत क्षेत्र के उलडंडा पंचायत अंतर्गत डेनडुबा गांव के 40 वर्षीय राजेंद्र उरांव पिता अमृत उरांव की मौत सांप काटने से हो गयी। राजेंद्र उरांव अपने खेत में हल रहा था। इसी दौरान बहीराजाड़ा सांप ने उसे डंस लिया। परिजन उसका समय पर इलाज नहीं कराकर आनन फानन में चोरहट पंचायत के कुंडपानी के नीमटोली के वैद अमरदेव मिंज के पास ले गये। वैद्य द्वारा झाड़ फूंक से युवक को ठीक करने की कोशिश की जा रही थी। इसी क्रम में राजेंद्र उरांव की मौत हो गयी। अंधविश्वास के कारण युवक की जान चली गयी। समय पर इलाज कराया जाता तो उसकी जान बच सकती थी। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। राजेंद्र उरांव अपने घर का एकमात्र कमाउ सदस्य था। उसके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा दो पुत्री एवं एक पुत्र को छोड़ गया है। मृतक की पत्नी सुनीता देवी ने बताया की उसके पति धान रोपने के लिए खेत में हल चला रहे थे। इसी क्रम में बहीराजाड़ा सांप ने उनके पैर में डंस लिया। झाड़ फूंक से इलाज कराने के लिए वैद जी पास ले गए इसी दौरान मौत हो गई।बताते चले कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन दिनों लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है कि सांप के डंसने के बाद सीधे सरकारी अस्पताल में जाकर एंटी वेनम का इंजेक्शन ले लें सहित अन्य इलाज कारण बावजूद लोग अस्पताल की व्यवस्था पर ध्यान नहीं देकर अंधविश्वास में पड़कर झाड़ फूंक कराने लगते हैं।

